ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 03 जून 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-227 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

सीजन के अंत में पीएसजी छोड़ देंगे... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के दोषी को 13 वर्ष की सजा

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने एवं दहेज प्रताड़ना के तिलैया थाना कांड संख्या 133/14 एवं सत्रवाद 179/14 की सुनवाई के पश्चात कांड के अभियुक्त अमरजीत बारहपुरिया को 306 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार जुर्माना लगाया है।

जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं 498ए आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं 10 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। दोनों सजाएं अलग.अलग चलेगी। इस प्रकार अभियुक्त को कुल 13 वर्ष सजा भुगतनी होगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया।

### अपहृत दो बच्चे बरामद मामले में कई गिरफ्तार

**कोडरमा।** उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों के थाना क्षेत्र से अपहृत बच्चो की बरामदगी को लेकर यूपी पुलिस के एसआई सौरव पांडेय के नेतृत्व में पुलिस का एक दल कोडरमा जिले के चंदवारा थाना पहुंचा और दोनों बच्चों को बरामद किया। कांड में शामिल गिरोह के चंदवारा थाना क्षेत्र के महुगाय निवासी जगवीर वर्णवाल (41 ) के ग्लोबल नर्सिंग होम की नर्स अनुराधा देवी (पति योगेंद्र शर्मा), गांधी स्कूल रोड निवासी गुड़िया देवी (पति सकलदेव यादव), मंझगावां निवासी संतोष साव (पिता बिहारी साव) व पोकडण्डा निवासी संगीता देवी (पति तुलसी राणा) को गिरफ्तार कर यूपी ले जाया गया।

### गढ़वा बाईपास निर्माण पर रोक, जांच के लिए पहुंची एनएचआई की टीम

**मेदिनीनगर।** गढ़वा बाईपास निर्माण पर रोक लगाए जाने के मामले की जांच के लिए एनएचएआई की टीम शुक्रवार को पहुंच। टीम ने मामले की जांच की। हालांकि जांच रिपोर्ट सामने नहीं आ पाई है, लेकिन जानकारी मिली है कि कब्रिस्तान के कारण बाईपास का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। इस बाईपास का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 10 प्रतिशत के हिस्से में कब्रिस्तान सहित अन्य आता है। विवाद की स्थिति के मद्देनजर झारखंड सरकार ने इसके निर्माण पर रोक लगा दी है। इसी रोक के बारे में जानकारी लेने के लिए केंद्रीय टीम यहां पहुंची।

## झारखंड की अंशिका ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की अंशिका कुमारी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया गेम्स के तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। 25 मई से तीन जून तक लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में शुक्रवार को रिकर्व महिला वर्ग के फाइनल में गुजरात की भार्गवी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। झारखंड की अंशिका कुमारी कोल्हान यूनिवर्सिटी की छात्रा है। वर्तमान में एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी सेल किरीबुरू में तीरंदाजी करती है। स्वर्ण पदक जीतने पर अंशिका को खेल निदेशक डॉ सरोजिनी लकड़ा ने बधाई दी। साथ ही झारखंड के सभी तीरंदाजी प्रशिक्षकों के अलावा झारखंड के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## बालासोर में दो ट्रेनों की टक्कर- 50 मरे, कई घायल



**भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के हावड़ा स्टेशन से तमिलनाडु के चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस शुक्रवार को ओडिशा के बालासोर जिले में एक मालगाड़ी से टकरा गई। टक्कर बालासोर जिले के बहनागा रेलवे स्टेशन के पास हुई और एक्सप्रेस ट्रेन के कई यात्रियों के मारे जाने की आशंका है। सुपरफास्ट ट्रेन की कई बोगियां पलट गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 50 यात्रियों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए रेल हादसे पर दुःख जताया है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि ओडिशा में ट्रेन हादसे से बहुत गम में हूं। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जल्द स्वस्थ हों। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात करके स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 47 घायलों को मेडिकल कॉलेज बालासोर में भर्ती कराया गया। 132 घायलों को सोरो सीएचसी, गोपालपुर सीएचसी और खांटापाड़ा पीएचसी में ट्रांसफर किया गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मल्लिक और विशेष राहत आयुक्त को दुर्घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने का निर्देश दिया है।

वहीं, विशेष राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, बालासोर के कलेक्टर को भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर रफ्ठ को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। दक्षिण रेलवे ने कहा कि कई बोगियों के पटरी से उतरने की सूचना है। बचाव अभियान जारी है।

### राज्य सरकार माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना के लिए

# योग्य एजेंसियों की लेगी मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार दूसरे राज्यों में रहकर रोजी-रोटी कमाने वाले श्रमिकों की मदद को माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना और संचालन में योग्य एजेंसियों की मदद लेगी। इसके लिए झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखंड) ने पहल की है। इस क्रम में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत देश के अलग अलग राज्यों में ऐसे सेंटर तैयार किए जाएंगे। जेएसडीएमएस के मिशन डायरेक्टर सह सीईओ की ओर से इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी गयी है। इसके तहत त्रिपुर (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र), बेंगलुरू (कर्नाटक), नीमराणा (राजस्थान), हैदराबाद (तेलंगाना), चेन्नई (तमिलनाडु), अहमदाबाद या सूरत (गुजरात) और दिल्ली एनसीआर (नोएडा, फीदाबाद) में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर तैयार किये जाने की योजना बनी है। एनआईटी (निविदा आमंत्रण सूचना) जारी करते कहा गया है कि वेबसाइट की मदद से माइग्रेशन सेंटर की स्थापना और संचालन के अलावा टेंडर प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। एक जुलाई 2023 तक इसके लिए आवेदन किए जा सकेंगे। तीन जुलाई को इसे खोला जायेगा। टेंडर डॉक्यूमेंट की लागत 10 हजार रुपये और इएमडी के तौर पर 25 हजार रुपये लगेंगे। डोरंडा (रांची) स्थित श्रम भवन के पते पर टेंडर संबंध में जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।

कौशल विकास मिशन के मुताबिक माइग्रेशन सेंटर खोले जाने से दूसरे राज्यों में कार्यरत झारखंड के श्रमिकों की समस्याओं की सुनवाई और उसके त्वरित निदान में मदद मिलेगी। अभी कुल मिलाकर स्थिति यही रहती है कि श्रमिकों के काम, उसके भुगतान और अन्य सुविधाओं के मसले पर कोई ढ़ंक का प्लेटफॉर्म अलग अलग राज्यों में उनके पास नहीं है। हालांकि स्टेट लेवल पर श्रम विभाग की ओर से स्टेट माइग्रेंट कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है।

## राजीव अरूण एक्का मामले में न्यायिक आयोग का बाबूलाल मरांडी को नोटिस



**रांची मुख्य संवाददाता।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का से जुड़े मामले में गठित न्यायिक आयोग ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को नोटिस दिया है। उन्हें 15 जून तक आयोग के समक्ष पक्ष रखने को कहा गया है। आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस विनोद कुमार गुप्ता के निर्देश पर आईएएस अधिकारी राजीव अरूण एक्का को भी नोटिस भेजकर पूरे मामले में पक्ष की मांग की गई है।

**वायरल वीडियो में विशाल चौधरी के घर पर सरकारी काम करते दिखे थे : राजीव अरूण**

अप्रैल महीनें में राजीव अरूण एक्का का 22 सेंकेंड का वीडियो वायरल हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने तब इस मामले में प्रेस कांफ्रेंस भी किया था। इस दौरान उन्होंने यह कहा था कि राजीव अरूण एक्का पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के घर पर सरकारी फाइल निपटा रहे थे। वीडियो में विशाल चौधरी का आवाज भी आ रहा था। वहीं एक महिला आईएएस अधिकारी के दायीं तरफ खड़ी थी। वीडियो वायरल होने के बाद उसी रात राजीव अरूण एक्को सीएम के प्रधान सचिव व गृह विभाग के प्रभारी प्रधान सचिव के पद से हटा दिया गया था।

## 5 लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** पुलिस को दूसरे दिन भी बड़ी सफलता हाथ लगी है भाकपा माओवादी संगठन का एरिया कमांडर लाज़िम अंसारी पुलिस मुठभेड़ में शुक्रवार को ढेर हो गया। गुमला के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमला बरटोली जंगल में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे मुठभेड़ में उसे मार गिराया। गोलियों की तर तर आहट से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया लोग अपने घरों में शाम होते ही दुबक गए। नक्सली लाजिम अंसारी पर पांच लाख रुपए का इनाम था। गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के पनसो गांव के निवासी लाजिम पर लातेहार के चंदवा में हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल रहने का आरोप है। एनआईए ने भी उसके ऊपर एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था।

**साथी नक्सली भागने में हुए सफल :** लाजिम अंसारी अपनी दस्ते के साथ चैनपुर थाना क्षेत्र के टोंगो सेमला बरटोली के जंगलों में रुका हुआ था इस बात की सूचना मिलने पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। इस बीच अचानक से पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें दो लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मारा गया। हालांकि, दस्ते के बाकी साथी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

### दो दिन में 2 बड़े माओवादियों को पुलिस ने मार गिराया

गुरुवार की दोपहर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के तीन लाख का इनामी नक्सली राजेश उरांव ढेर हो गया था। गुमला के सदर थाना क्षेत्र के अंजनधाम जाने वाले रास्ते में यह मुठभेड़ हुई थी। बताते चलें कि झारखंड पुलिस ने दो लाख और एनआईए ने एक लाख का इनाम राजेश पर रखा था। इसके मारे जाने के दूसरे ही दिन लाजिम अंसारी को भी पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। ऐसे में दो दिनों में पुलिस को लगातार दूसरी सफलता मिली है। मौके पर पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिव ने कहा कि गुमला पुलिस के द्वारा लगातार माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को भी एक दो लाख के इनामी नक्सली राजेश उराँव को मार गिराया गया था। जिसके बाद लगातार हम लोग प्रयत्नशील थे और बाकी दस्ता मेंबर की तलाश कर रहे थे। इसी दरमियान शुक्रवार देर शाम हुए मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सिलेंडर पॉलिसी पूरे भारत में सबसे अच्छी है नक्सली इधर-उधर भटकने के बजाय सिलेंडर पॉलिसी का लाभ उठाएं और सरेंडर करें।

## खूंटी : पीएलएफआई के चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया(पीएलएफआई)के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस संगठन के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने गुरुवार देर रात को पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पिस्टल, गोली और संगठन का पर्चा बरामद किया है। एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जरियागढ़ थाना के रेगरे जंगल में भ्रमणशील और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। एसपी के निदेश पर एएसपी अभियान, तोरपा कें एसडीपीओ सीआरपीफ बी/94 बटालियन द्वारा गुरुवार को रेगरे जंगल में छापामरी अभियान चलाया गया और चार सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये उग्रवादियों में एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू गोप, नीतीश गोप, मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन और बाहन गोप उर्फ नंद कुमार शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम की एक पिस्टल,.315 बोर का एक देसी कट्टा, 13 कारतूस, एक आल्टो कार और एक टेम्पो सहित चार मोबाइल और नक्सली पर्चा तथा चंदा रशीद बरामद किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर को लगभग दो माह पूर्व ही दिनेश गोप ने एरिया कमांडर की जिम्मेदारी सौंप कर क्षेत्र में आतंक फैलाने का निर्देश दिया था। सुप्रीमो के इस निर्देश पर ही अवैध बालू उठाव में लगी एक जेसीबी में आग लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। हालांकि अगजनी की जिम्मेदारी सुप्रीमो को लेनी थी लेकिन तब तक दिनेश गोप एनआईए की गिरफ्त में आ चुका था। पीएलएफआई सुप्रीमो ने जब क्षेत्र का एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी उस वक्त प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू के पास हथियार नही था लेकिन उसे कामडारा का एरिया कमांडर कोरिया टोपनो ने एक पिस्टल के अलावा कई कट्टे और 30 कारतूस दिये। उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से अवैध बालू उठाव कर रही जेसीबी में आग लगा दी और फरार हो गए। इस घटना में शामिल अन्य नक्सली सदस्यों को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार किया था लेकिन एरिया कमांडर फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि बालू माफिया अवधेश यादव और चंदन जायसवाल उर्फ चंदू का जेसीबी जलाया गया था। चंदू जायसवाल से प्रदीप गोप का लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रदीप गोप ने दिनेश गोप से संपर्क किया और प्रदीप ने ही प्रशांत को एरिया कमांडर बनाने की पैरवी की। उसके बाद प्रशांत को एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी गई। पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से खूंटी में आतंक का पर्याय रहे संगठन के वजूद पर संकट गहराने लगा। गौरतलब है कि सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी से कुछ दिन पूर्व ही जिला पुलिस ने रनिया क्षेत्र से पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर और सुप्रीमो के खास सहयोगी रहे इनामी सुखराम गुड़िया को एके 47 राइफल के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की थी। उसकी निशानदेही पर चाईबासा के गुदड़ी और बंदगांव थाना क्षेत्र के जंगली इलाको से सुप्रीमो के निजी हथियार ऑटोमेटिक जर्मन रायफल एचके 33 सहित अन्य राइफल और हथियार, सैकड़ो गोलियां, दूरबीन सहित अन्य सामान बरामद किये गये थे।

## टिप्पणी

### आप के अभियान को हेमंत का समर्थन

# केंद्र सरकार संघीय ढांचे पर कर रही है प्रहार : हेमंत सोरेन

**कांग्रेस तय करे कि वह देश के साथ है या मोदी जी के : केजरीवाल**



**रांची।** दिल्ली सरकार को लेकर केंद्र की ओर से लाए गए अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की मुहिम को सीएम हेमंत सोरेन ने समर्थन देने का ऐलान किया है। केजरीवाल और सोरेन ने रांची में शुक्रवार को एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार न सिर्फ संघीय ढांचे पर प्रहार कर रही है। बल्कि जनता की भावना का भी अपमान कर रही है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अगले ही दिन अध्यादेश लाकर जिस तरह इसे पलट दिया है। उसके खिलाफ गैरभाजपाई एकजुटता जरूरी है। गैर भाजपा दल एकजुट हो जाएं तो राज्यसभा में इस अध्यादेश को पराजित किया जा सकता है। केजरीवाल ने इस मसले पर कांग्रेस के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें तय करना है कि वह देश के साथ हैं। लोकतंत्र के साथ हैं या मोदी जी के साथ हैं। इससे पहले अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने लगभग डेढ़ घंटे तक इस मुद्दे पर आपस में चर्चा की। चर्चा में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और दिल्ली विधानसभा के सदस्य विनय मिश्र भी उपस्थित रहे।

मीडिया से मुखातिब अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता के साथ अन्याय हुआ है। उसका हक छीन लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सरकार को सारी शक्तियां प्रदान की हैं, लेकिन 19 मई को सरकार ने अध्यादेश लाकर इस फैसले को पलट दिया। यह दिल्ली के लोगों का अपमान हुआ। दो करोड़ लोगों को बेदखल कर दिया गया। अगर राज्यसभा में सभी गैर भाजपा सदस्य एकजुट हो जाएं तो राज्यसभा में बीजेपी को हराया जा सकता है। आज दिल्ली सरकार और वहां की जनता का हक छीना गया है। कल फिर यह किसी भी दूसरे राज्य के साथ ऐसा कर सकते हैं और उनके अधिकार छीन सकते हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन से मिले समर्थन के लिए आभार जताया। केजरीवाल ने इसे देश की संसद और संविधान की लड़ाई बताते हुए कहा कि वे बीजेपी के सांसदों को भी चिट्ठी लिखेंगे कि यह बीजेपी की लड़ाई नहीं है, बल्कि संसद की लड़ाई है। हमारी लड़ाई को पूरा देश देख रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि चुनी हुई सरकार को जिस तरह से अधिकार विहीन किया जा रहा है, यह एक नई परंपरा की शुरूआत हो रही है। देश की अनेकता में एकता पर एक बड़ा प्रहार है। केंद्र सरकार संघीय ढांचे की बात करती है, लेकिन कार्य उसके विपरीत करती है। जिन राज्यों में केंद्र की सहयोगी सरकार नहीं है,उन राज्यों के साथ ऐसा ही व्यवहार हो रहा है। सोरेन ने देश की नई संसद के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा कि उस दिन लोकतंत्र के मंदिर से कुछ दूरी पर कई और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटीं। यह सिर्फ गैर भाजपा सरकारों पर प्रहार नहीं है, बल्कि देश की जनता के ऊपर प्रहार है। इस विषय को लेकर हम और गहराई से पार्टी के अंदर चर्चा करेंगे।

## रांची में दिनदहाड़े 3.50 लाख की लूट
## बाइक से गिरने के बाद भी फरार हुए अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। बाइक सवार दो अपराधियों ने एक बैंक से पैसा निकाल कर दूसरे बैंक में जमा करने जा रहे मोहम्मद महमूद नाम के व्यक्ति से 3.50 लाख रुपये लूट लिए, लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद जब अपराधी मौके से फरार हो रहे थे तो कुछ ही दूरी पर वे हादसे का शिकार हो गए, जिसके बाद दोनों अपराधी बाइक को मौके पर ही छोड़कर पैदल ही फरार हो गए। जानकारी के अनुसार लूट की वारदात को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा और कश्मीर वस्त्रालय के बीच भीड़-भाड़ वाले इलाके में अंजाम दिया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने अपराधियों की बाइक को भी जब्त कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों के भागने की तस्वीर कैद हुई है। जिसके आधार पर पुलिस उनकी पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

### बैंक से ही रेकी कर रहे थे अपराधी

सूचना के अनुसार दोनों अपराधी पैसे निकालने वाले व्यक्ति का बैंक से ही रेकी कर रहे थे इस बीच जैसे ही उन्हें मौका मिला उन्होंने पैसे लूट लिए, पुलिस को दिए अपने आवेदन में मोहम्मद महबूब ने बताया है कि वह शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक के सर्जना चौक ब्रांच 3.50 लाख रुपए निकालकर अपनी बाइक से उस पैसे को बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करने जा रहे थे इसी दौरान दो अपराधियों ने उनसे पैसों भरा बैग लूट लिया और भाग गए।

### भागने के चक्कर में दोनों अपराधी बीच सड़क गिरे

चुकी जिस स्थान पर अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया वह रांची का काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है, ऐसे में जब लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार होने लगे तो स्थानीय लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, भागने के चक्कर में ही दोनों अपराधी बाइक से गिर गए, जिसके बाद दोनों ने अपने बाइक वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए, पुलिस जांच कर रही है कि कहीं बाइक चोरी का तो नहीं है।

**NEWS इन ब्रीफ**

## भाजपा के विकाश तीर्थ अभियान के तहत कार्यक्रम आज

**विश्रामपुर।** मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर भाजपा ने गांव गांव तक महाजनसंपर्क अभियान शुरू किया है। इसी अभियान के क्रम में भाजपा ने शनिवार को विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन किया है। जिसके तहत रेहला स्टेशन व कधवन गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमे थर्ड लाइन विस्तारीकरण व एन एच 75 फोरलेन सहित कई विकास गाथा के बारे में लोगों को बताया जायेगा। इसकी जानकारी सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने दी। श्री पांडेय ने बताया कि दोनो कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सहित भाजपा के कई वरीय नेता भाग लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया है।

## हरिहरगंज में ट्रक के धक्के से बाइक सवार गंभीर

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज मोड़ के समीप एनएच 98 पर शुक्रवार की सुबह ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल की पहचान बिहार के आरा जिला के पीरों गांव निवासी किशन कुमार 22 वर्ष के रूप में हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक हरिहरगंज बाजार से अपनी बहन के घर अंबा गांव जा रहा था। इस दौरान तेज गति से मेदिनीनगर से औरंगाबाद जा रहे ट्रक की चपेट में आ गया।

# बाराती वाहन पलटने से चार लोग गंभीर, तीन लोग रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार जपला मुख्य सड़क पर नदियाईंन व बरवाडीह गांव के बीच गुरूवार की देर रात एक बाराती बोलेरो पलट जाने से इसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि अन्य को मामूली चोटें आयी है। घायलों में महादेव चौधरी,पवन चौधरी, पियूष कुमार और रविन्द्र चौधरी का नाम शामिल हैं। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्रारंभिक इलाज के बाद महादेव, पीयूष और पवन आदि तीनों घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सभी घायल बिहार के रोहतास जिला के बरइंचा गांव से बारात लेकर विश्रामपुर के बंदला गांव जा रहे थी, उसी क्रम में हुसैनाबाद के दंगवार ओपी थाना क्षेत्र के नदियाईंन व बरवाडीह गांव के बीच टेम्पों को बचाने के क्रम में बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई।

## युवक ने की आत्महत्या

**मोहम्मदगंज।** थानान्तर्गत बरवाडीह गांव निवासी हरिहर मेहता के पुत्र पप्पू मेहता 25 वर्षीय ने अपने ही घर मे फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर दी है।घटना की जानकारी मोहम्मदगंज पुलिस को ग्रामीणों के द्वारा हुई।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अक्षय कुमार के निर्देश पर एस आई आशीष कुमार पुलिस दल के साथ घटनास्थल पहुचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया है।घटना की वजह पारिवरिक कलह बताया जाता है। मृतक की शादी पिछले वर्ष ही हुई थी।

# पलामू उप विकास आयुक्त ने अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पलामू जिले के उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने शुक्रवार की दोपहर पांकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में निमार्णाधीन कर्मचारी भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं इसके साथ कपूर्री ठाकुर चौक स्थित डाक बंगला भवन का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने प्रखंड में संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित पुरानी लंबित योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के पश्चात प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पहुंचे। उप विकास आयुक्त को प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद एवं उपप्रमुख अमित कुमार चौहान ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया व क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत भी कराया। निरीक्षण के दौरान पांकी अंचलाधिकारी निर्भय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 1 करोड़ 10 लाख से बनने वाले स्वास्थ उपकेंद्र का किया गया शिलन्यास

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रंगेया पंचायत के ग्राम पसिया में और चक पंचायत के ग्राम कलाली में उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के द्वारा स्वास्थ उप केंद्र भवन निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलन्यास किया गया। शिलन्यास कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रदीप ने बताया की मनातू में बेहतर चिकत्सा सुविधा देनें के लिए सरकार अग्रसर हैं। इसके तहत मनातू वासिओं को सुदूर इलाकों में भी बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

# पेयजल की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बीते कई महीने से वे पानी की समस्या से जूझ रहे है ग्रामीण**

**जब तक पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक जनप्रतिनिधियों का विरोध जारी रहेगा**



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड अंतर्गत पांकी पश्चमी पंचायत के पहाड़ी, डाक बंगला सहित अन्य क्षेत्रों में पानी की समस्या से हाहाकार मचा हुआ है। पानी की मांग को लेकर शुक्रवार की दोपहर पांकी पश्चिमी पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने हाथों में बाल्टी जार लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से पानी की मांग की एवं पोस्टर चिपकाकर उक्त क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के आने पर रोक लगाई। विरोध प्रदर्शन कर रहे दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई महीने से वे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन उन्हें ठीक से पीने तक का पानी नसीब नहीं हो रहा। काफी मिन्नतें करने के बाद भी जब कोई ठोस पहल नहीं नहीं हुई तब ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर यह ऐलान किया है कि पहले पानी की व्यवस्था करें तब जनप्रतिनिधियों से वार्ता होगी और जब तक पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक प्रभावित क्षेत्र में मुखिया सरपंच वार्ड सदस्य एवं विधायक का पहाड़ी मोहल्ला में विरोध जारी रहेगा। वहीं जनप्रतिनिधियों को पहाड़ी मोहल्ले में आना मना है।पहाड़ी मोहल्ले के ग्रामीणों ने यह ऐलान करते हुए कहा कि यदि 1 सप्ताह में समस्या का निदान नहीं हुआ तो वे पांकी मुख्य मार्ग और पांकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे।

## अंजुमन मरकज के लोगों ने आर्थिक रूप से कमजोर लड़की की करायी शादी

**पांकी।** पांकी प्रखंड के अंजुमन मरकज के सरपरस्त नेहाल अंसारी, हसन अंसारी ,एवं सदर अबुल हसन सहित अन्य लोगों ने शुक्रवार की दोपहर पांकी प्रखंड के टाटीदीरी गांव निवासी आर्थिक रूप से कमजोर मोहम्मद मंसूर अंसारी की लड़की की शादी का खर्च उठाया एवं उपहार स्वरूप लड़की को हजारों के घरेलू उपयोग के सभी सामान भी दिए। इस दौरान मौके पर पांकी अंजुमन मरकज एवं टाटी देरी अंजुमन के लोगों ने बताया कि कमेटी के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लड़की की शादी में मदद की जाती है। इस दौरान मौके पर, सेक्रेटरी कयूम अंसारी, अजाबुल अंसारी, अल्ताफ अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसीबी की कार्रवाई के बाद नप अधिकारियों पर हमलावर हुए प्रतिनिधि व राजनेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** वरीय बसपा नेता सह नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद भ्रष्टाचार और लूटखसोट का अड्डा बन चुका है। नप के अधिकारी से कर्मचारी तक भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। अगर व्यापक स्तर पर निष्पक्ष जांच हो तो सहायक नगर आयुक्त सहित कई पदाधिकारी जेल में होंगे। श्री अंसारी शुक्रवार को रेहला स्थित शिवाक्ष रेस्टरों में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। यहां बताते चलें कि पलामू एसीबी की कार्रवाई के बाद नप प्रतिनिधि और राजनेता बिश्रामपुर नगर परिषद अधिकारियों व कर्मियों पर हमलावर हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एक जून को एसीबी की टीम ने नगर परिषद के प्रधान सहायक अनिल कुमार और चालक जितेंद्र बहेलिया को दस हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि निविदा से लेकर क्रय तक हर प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई है। और यह सब सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज के संरक्षण में चल रहा है। श्री अंसारी ने कहा कि मो.प्रवेज के कार्यकाल में हुए सभी कार्यों की जांच होनी चाहिए। युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने दस्तावेजों के साथ सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज पर कई संगीन आरोप लगाया। मौके पर बसपा नेता श्याम बिहारी विश्वकर्मा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुदीन अंसारी, उस्मान अंसारी, ददई ठाकुर, सदानंद शुक्ला गुड्डु सहित कई लोग मौजूद थे।

## देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री शतचंडी महायज्ञ आयोजित

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के भजनिया गांव स्तिथ देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ में अहले सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का प्रतिस्थापित मन्दिर में पूजन और यज्ञ मंडप की परिक्रमा में तांता लगा हुआ है। संपूर्ण अनुष्ठान राधेकृष्ण वेणुगोपाल मंदिर वृद्ध खैरा, पांडु के श्री अनंत विभूषित श्री स्वामी विष्णु चित्त जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। इनके अलावा श्रीमद्भागवत कथा व्यास जगत गुरु रामानुजाचार्य, श्री मुक्ति नारायण स्वामी जी महाराज (काशी) और श्रीराम चरित मानस श्रीराम कथा व्यास चंद्रबली जी महाराज को भी यज्ञ कार्य मे सम्मिलित है। यजमान यज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिनबिहारी सिंह,वृजनारायन सिंह,कृष्णा सिंह,प्रेम सिंह,कांतिरमण सिंह,सुनील सिंह,विमलेश सिंह,कामता प्रसाद मेहता,शम्भू मेहता,लल्लू विश्वकर्मा, बिरेंद्र सिंह पूरे दिन तन्मयता से यज्ञ मंडप में पूजन कार्य मे लगे है। वही कामेश्वर सिंह, सी बी रमण सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, मनोज सिंह, अखिलेश सहित गांव के युवा यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए है।

## विधायक व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने राज्य सरकार पर साधा निशाना



**पाटन।** केंद्र मे 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पाटन में बीजेपी पार्टी के द्वारा महा जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ में विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक,समेत बीजेपी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बरसैता के हरिजन टोला में विधायक के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इसके बाद हिसरा बरवाडीह मे बीजेपी कार्यकताओं के साथ मिलकर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किये। और कार्यकताओं के साथ बीजेपी का झंडा दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में तथा विधायक के 3 साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के मौके पर पूर्व सांसद बीजेपी नेता मनोज कुमार ने जनता के कार्य की उपलब्धियां गिनाई। उन्होने कहा कि क्षेत्र में गरीब वर्ग के लोगों तक विकास की किरण पहुंची।

**यात्रियों को हो रही हैं परेशानी**

# सद्भावना चौकड़ी की बंद बीडीएम ट्रेन चलाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अर्बन अस्पताल परिसर में शुक्रवार को सद्भावना चौकड़ी के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें डीडीयू रेल मंडल के बीडी रेल सेक्सन में लंबे समय से बंद बरकाकाना - वाराणासी 03359/03360 स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का परिचालन को शुरू कराने की मांग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसमें रेल मंडल प्रबंधक डीडीयू और रेल महाप्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। उक्त ट्रेन बंद रहने से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, नवाडीह समेत पलामू के आम यात्रियों को यात्रा में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके संरक्षक एजाज हुसैन ने कहा है कि बीडीएम ट्रेन बीडी रेल खंड की लाइफ लाइन ट्रेन है और बरकखाना वाराणसी ट्रेन इस रेल खंड की सबसे पुरानी ट्रेन है। बावजूद इसके ट्रेन को लगातार कुछ न कुछ कारण बताकर रद्द कर दिया जा रहा है। लगातार माँग करने के बावजूद रेल प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि बीडीएम ट्रेन को जनहित में अविलंब चालू नहीं किया गया तो आंदोलन चलाने पर बाध्य होना पड़ सकता है। जाकिर अली ने कहा कि इस ट्रेन को गत दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य को लेकर बंद किया गया था। जबकि पुनः इसे 25 अप्रैल से वाराणासी में यार्ड रि मॉडलिंग कार्य को लेकर 28 तक स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन की जनविरोधी नीति से इस ट्रेन का लाभ झारखंड के लातेहार, पलामू व गढ़वा के अलावे बिहार के औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिले के लोगों को भी नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन देने के बाद आन्दोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से सद्भावना चौकड़ी के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, उदय सोनी, इजहार अंसारी, इम्तियाज आलम, जनक पासवान, असलम खान, जीतेन्द्र समेत कई लोग मौजूद थे।


**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,गुमला**

**ई– अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या:- 01/R2/2022-23/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक : 31-05-2023

1. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/W/EE/GUMLA/02/2022-23 | Construction of Road from PMGSY Road to Sarnatoli Bimarla via Bimarla High School Part-B | 9883900.00 | अन्ठानब्बे लाख तिरासी हजार नौ सौ रू0 मात्र | 3 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 09.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि 10.06.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.06.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9472706638.
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **गुमला** के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर निविदा अमान्य समझा जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 298930 Rural Work Department(23-24).D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड**
**जिला कृषि कार्यालय, गुमला**

**आम सूचना**

खरीफ 2023 के लिए जिले में अवस्थित लैम्पस के माध्यम से किसानों के लिए पचास प्रतिशत अनुदान पर बिरसा बीज उत्पादन, विनिमय वितरण तथा फसल विस्तार योजना अन्तर्गत विभिन्न फसलों का बीज वितरण हेतू उपलब्ध है, जिसकी प्रभेदवार विवरणी इस प्रकार है –

| क्र. सं. | फसल का नाम | प्रभेद | कृषक अंशदान की राशि रू0 प्रति कि0ग्रा0(50%) |
|---|---|---|---|
| 1 | मड़ुवा | VL-352 | 40.50 |
| 2 | मूंग | IPM-205-7 (Virat) | 70.00 |
| 8 | मक्का | NMH-803 | 104.50 |
| 3 | धान | Sahbagi | 19.50 |
| 4 | | IR-64(DRT) | 19.50 |
| 5 | | MTU-1010 | 19.50 |
| 6 | | DRRH2 (हाईब्रीड) | 101.50 |
| 7 | | PNPH-24 (हाईब्रीड) | 172.50 |
| 9 | | Arise-6444 (हाईब्रीड) | 177.25 |

- जिले के सभी किसानों से अनुरोध है कि अपने नजदिकी लैम्पस या प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 से संपर्क कर बीज लेने के पूर्व ब्लॉक चेन पोर्टल पर अपना निबंधन अवश्य करा लें।
- मिशन लाईफ के जागरूकता अभियान के तहत जलवायु संकट का मुकाबला करने और टिकाउ जीवन हेतू पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण के लिए तापमान में परिवर्तन को सहने एवं कम पानी में भी अपनी उत्पादकता को बनाये रखने वाले पौधे की खेती की ओर अग्रसर होना है। यह अभियान सभी लोगों को अपने दैनिक जीवन में सरल एवं पर्यावरण अनुकुल कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।
- गोवर्धन योजना के अन्तर्गत मवेशियों के गोबर एवं अपशिष्ट पदार्थो से जैविक खेती ओर अग्रसर हो कर संतुलित वातावरण एवं स्वच्छ जलवायु में किसानों के आमदनी में बढ़ोतरी किया जाना है।
- बढ़ते तापमान, पिघलते ग्लैशियर, सुखती नदियॉ, गिरते जल स्तर,पौध विविधिकरण,एवं घटते वन क्षेत्र के कारण धरती पर धीरे–धीरे प्राणियों के जीवन पर मंडरा रहे संकट के कारण विश्व पर्यावरण दिवस 5 जुन को सभी लोग अपने आस–पास के क्षेत्रों में कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प लें।

PR.NO.298948 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D
जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला।



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, पिनकोड – 835207 गुमला
फोन – 06524-224960, 222390 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक .................................. दिनांक ...........................

**आवश्यक सूचना**

श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला द्वारा लंबी अवधि से अपने पुत्र के इलाज हेतु कार्यालय से अनुपस्थित रहने की सूचना प्रदान की गई थी। उक्त के आलोक में जिला कार्यालय पत्रांक 179 दिनांक 03.02.2023 के द्वारा दिनांक 08.02.2023 तक योगदान करने हेतु निदेशित किया गया था।

पुन: श्री आलोक बा: द्वारा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समिति, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला को आवेदन समर्पित किया गया जिसमें दिनांक 30.04.2023 तक अवकाश में रहने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के आलोक में उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा इनके अवकाश की स्वीकृति दिनांक 30.04.2023 तक प्रदान की गई तथा दिनांक 01.05.2023 तक प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला में योगदान करने का निदेश दिया गया।

साथ ही दैनिक समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कर दिनांक 01.05.2023 तक श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला को प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला में योगदान करने का निदेश दिया गया था।

लेकिन दिनांक 02.05.2023 तक श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला द्वारा प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला में योगदान नहीं किया गया। अत: उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समिति, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा दी गई स्वीकृति के आलोक में श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए सेवा से बर्खास्त किया किया गया है। इस आशय की सूचना निबंधित डाक के माध्यम से उनके आवासीय पते पर भेजी गई परंतु निबंधित डाक वापस लौट गया। अत: एतद द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री आलोक बा: प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला की सेवा पत्रांक 576 दिनांक 09.05.2023 द्वारा तत्काल प्रभाव से संविदा समाप्त करते हुए सेवा से बर्खास्त किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR298974 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D



JHARKHAND EDUCATION PROJECT

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
समग्रशिक्षा अभियान
समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

**कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में शिक्षिकाओं के चयन हेतु**

**आवश्यक सूचना**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक–**GE/08/163/2022-23/2835** दिनांक 03.11.2022 एवं राज्य परियोजना कार्यालय रॉंची के पत्रांक 3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में संशोधित पत्र अनुसार लातेहार जिलान्तर्गत संचालित कुल 06 कस्तूरबा गॉंधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णतया अस्थायी अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्नांकित शर्तो के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 17.06.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से पता–जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार समाहरणालय परिसर, उप विकास आयुक्त, कार्यालय द्वितीय मंजिल लातेहार पिन कोड–829206 कार्यालय में आमंत्रित किये जाते है। जिसमें झारखण्ड एवं बाहर के मैट्रिक एवं इण्टर पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

| क्र. | पदनाम | रिक्ति | रोस्टर | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC1 | BC2 | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक षिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 4 |

चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि :–

| क्र | पदनाम | रिक्ति | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक गणित षिक्षिका | कुल पद 4 अनारक्षित 2 अनुसूचित जाति–1 अनुसूचित जनजाति –1 | 1. **शैक्षणिक** अहर्ता:–किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विष्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक षिक्षिका हेतु आवेदन किया जा रहा है।) में, न्यूनतम 50 प्रतिषत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यार्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिषत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी। राज्य परियोजना कार्यालय रॉंची के पत्रांक 3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में झारखण्ड एवं राज्य के बाहर से मैट्रिक एवं इंटर पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।<br>2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता**:–मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक षिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में षिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. **षिक्षक पात्रता परीक्षा**:–राष्ट्रीय अध्यापक षिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. षिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रति माह परिलब्धि में 50 प्रतिषत की वृद्धि देय हागी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी। |

चयन संबंधी दिशानिर्देश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्त अन्तर्गत चयन की शर्त, अहर्ता, विषयवार कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशानिर्देश लातेहार जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.latehar.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि चयन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का समय समय पर जानकारी हेतु बेवसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

PR 298969 Human Resource Developement(23-24)D
जिला शिक्षा पदाधिकारी– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा,अभियान,लातेहार।

NEWS इन ब्रीफ

## फ्रॉड बाजी करने पर दवा दुकानदार ने मरीज को पीटा

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ निवासी दशरथ पाल को दवा दुकानदार ने फ्रॉड बाजी करने पर पीटा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर दशरथ पाल अपना इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा था। अस्पताल में इलाज कराने के बाद वह एक दवा दुकान में दवा खरीदने गया। दवा दुकानदार को 500 रुपया देकर कहा कि मेरे पास खुला पैसा नहीं है। हमें 50 रुपया दीजिए फोटोकॉपी करवाना है। दवा दुकान से दशरथ 50 रुपया लेकर फोटोकॉपी करवाने चला गया। फोटो कॉपी करवा कर दशरथ जब दवा दुकान पर लौटा तो दुकानदार से कहा कि आप हमें 50 रुपया नहीं 5 रुपया दिए थे। इस बीच दवा दुकानदार और दशरथ के बीच बहस होने लगा। इसी बीच गुस्से में आकर दवा दुकानदार ने दशरथ को पीट दिया। इसके बाद इस घटना की जानकारी टाइगर मोबाइल के जवान विनोद कुमार और परवेज खान को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर टाइगर मोबाइल के जवान हॉस्पिटल पहुंचकर मामले की छानबीन किया तो पता चला कि दशरथ जहां फोटोकॉपी करवाने गया था। उस फोटोकॉपी दुकानदार को भी दशरथ मिला कर रखा था। और बोला था कि जब दवा दुकानदार पूछेगा तो 5 रुपया ही मिला है बोलना। इसी फ्रॉड बाजी की वजह से दुकानदार ने दशरथ को पीटा। इसके बाद टाइगर मोबाइल के जवानों द्वारा फोटोकॉपी दुकानदार और दशरथ को समझा-बुझाकर छोड़ दिया।

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महुगावा के पास दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा निवासी गुड्डू पासवान का पुत्र राहुल पासवान उम्र 25 वर्ष अपने एक मित्र के साथ गुरुवार की शाम मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर महुगावा किसी काम से जा रहा था।तभी रास्ते में महुगावा के पास उसकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चारों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान राहुल पासवान उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। जबकि महुगावा निवासी रंजीत राम पिता अनिल राम, दीपचंद कुमार पिता मक्खन राम तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां इलाज के बाद भी रंजीत राम की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं राहुल पासवान के मौत के बाद राहुल के परिजन सदर अस्पताल में हल्ला हंगामा करने लगे।

# विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को अंग वस्त्र एवं डायरी देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया एवं आशा एवं आग्रह किया गया कि प्रभारी नवनियुक्त कुलपति के आने से विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं परीक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितता को जल्द दूर किया जाएगा एवं सुलभ शिक्षा छात्रों को मुहैया कराई जाएगी। उक्त अवसर पर उपस्थित नवनियुक्त प्रभारी कुलपति ने आश्वस्त किया कि छात्रों की हर समस्याओं को दूर किया जाएगा एवं सकारात्मक वातावरण के साथ कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर परिषद की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव दुबे, जिला प्रमुख प्रो० के०सी झा, जिला स्टूडेंट फॉर सेवा प्रमुख सुमित पाठक, जिला संयोजक अभय वर्मा, नगर मंत्री रामा शंकर पासवान, सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सदर के अन्तर्गत फलेरिया खोज अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सदर के अन्तर्गत सुआ ठाकुर टोला में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह किया गया जिसमे स्वास्थ विभाग से पंकज कुमार विश्वकर्मा, धीरज कुमार, प्रवीण कुमार, अजय कुमार पाण्डेय एवम संतोष कुमार एवम मुखियाजी दुलारी की उपस्थिति में फलेरिया खोज अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1/6/2023 से 15/06/2023 तक विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बगईया निवासी रामदास यादव का पुत्र संतोष कुमार यादव की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार यादव गुरुवार को दोपहर बाइक पर सवार होकर छतरपुर बाजार जा रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना संतोष यादव के परिजनों को दिया। सूचना मिलने पर संतोष के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# 'मन का मिलन' पखवाड़े को सफल बनाने में मध्यस्थो ने कसी कमर

**मध्यस्थता से मामले निपटाने से दोनों पक्षकारों में वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़ा को सफल बनाने में पलामू जिले के ट्रेंड मीडियेटर कमर कस लिए है। वे मामले को सफल बनाने के मिशन में काम कर रहे हैं। इस सम्बंध में पलामू जिला के कुशल मध्यस्थ सुबोध कुमार सिन्हा ने बताया कि मध्यस्थता से मामले निपटाने से दोनों पक्षकारों में वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए मिट जाती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से 29 मई से 14 जून तक विभिन्न प्रखंडों में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से मुकदमा समाप्त कराने के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थ भी मामले को सफल बनाने में पूरजोर कोशिश कर रहे हैं।इस सबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़े के तहत लोगों को मध्यस्थता कैसे करें, मध्यस्थता क्यों आवश्यक है, के बारे में जानकारी दी जा रही है । साथ ही वीडियो फिल्म दिखाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामले निपटारा करने का लक्ष्य है ।ताकि अधिक से अधिक मामले का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर हो सके। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने मध्यस्थों को कई टिप्स बताये। मौके पर मीडियेटर हुसैन वारिश, सतेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र पांडेय,कुमार शिवाजी सिंह, वीना मिश्रा, शशि भूषण,हरिनंदन सिंह, सतीश दुबे,अजय पांडेय, शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त के जनता दरबार में 25 से अधिक मामले आये



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। सप्ताहिक आयोजन होने वाले इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष 25 से अधिक मामलों के आवेदन आये। सभी की फरियाद सुन उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित पदाधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की ओर से गलत एलपीसी निर्गत करने,गैरमजरूआ जमीन में मकान बनाने,अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान,पेंशन, प्रधानमंत्री आवास,रोजगार,स्वास्थ्य अनुदान नियोजन,मनरेगा अंतर्गत बगैर काम के राशि निकासी,म्युटेशन,राशन आदि से संबंधित आवेदन आये जिसे डीसी ने मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन का आदेश दिया।

## केंद्र सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे : कॉंग्रेस

आज दिनांक 2 जून 2023 को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार के 9 साल में बेरोजगारी अपरंपार, अर्थव्यवस्था का बंटाधार हुआ है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष लोगों के बीच में जाकर केंद्र सरकार की नाकामियों को बताने का काम करेंगे भाजपा की मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से विफल साबित हुआ है। आगे कहा कि केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे कर लिये हैं। दरअसल प्रधानमंत्री और उनके टीम ने एक सुनिश्चित तरीके से इंटरनेट मीडिया के जरिए अपनी खुद की एक छवि गढ़ी थी लेकिन वर्तमान में उनकी छवि को ध्वस्त होते देश देख रहा है।

# भाजपा महा जन जागरण अभियान का शुभारंभ पाटन हिसरा बरवाडी से




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पाटन के हिसरा बरवाडीह ग्राम से भाजपा के महा जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक, विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अपने यशस्वी प्रधानमंत्री जी के 9 वर्षों का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में इतिहास के पन्नों में अंकित किया जाएगा विरोधी भी उनकी विकास की योजनाओं को नकार नहीं सकते हैं । भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने द्वारा 9 वर्षों का लेखा-जोखा देने आम जनों के बीच में आई है। वहीं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि लगातार 1 वर्षों तक 80 करोड लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराना ऐसा केवल भारत जैसे देश में ही संभव है। क्योंकि हमारा देश लोक कल्याणकारी राज्य के सिद्धांत पर कार्य करता है। हम जनता के बीच में अपने द्वारा शासित 9 वर्षों के कार्यकाल का लेखा-जोखा देने जन सभाओं के माध्यम से या प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जा रहे हैं। स्थानीय विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि कार्यकर्ता हर मुश्किल में हर परिस्थिति में एक साथ खड़े रहते हैं। यही वजह है कि यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सभी लोग हिसरा बरवाडी ग्राम पहुंचकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किये। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के 9 साल के कार्यो को लोगो तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के नेता पाटन के प्रभारी उदय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडे, अशोक तिवारी, श्याम देव सिंह, निरंजन पासवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, अरुण दुबे, छतरपुर मंडल अध्यक्ष नरेश यादव, नौडीहा बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, पंडवा मंडल अध्यक्ष जमुना सिंह, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडे, श्याम देव सिंह, युवा मोर्चा के पदाधिकारी, महिला मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए और सैकड़ो कार्यकर्ताओ के समक्ष इस जन-जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया।

## पलामू सांसद ने ड्रीम प्रोजेक्ट रोके जाने को बताया दुखद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद ने कहा की ड्रीम प्रोजेक्ट में कब्रिस्तान बाधक बन गई है। कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद के कारण गढ़वा बाईपास का काम एक जगह जा कर रुक गया है। जमीन अधिग्रहण को लेकर पूरा विवाद है। दरअसल, पलामू सांसद बिष्णुदयाल राम का गढ़वा बाईपास एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और यह भारत माला का हिस्सा है। 23 किलोमीटर का यह बाईपास 903 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इसका काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। बता दें कि गढ़वा के अंचला में कब्रिस्तान से होकर बाईपास को गुजारना है, जहां कब्रिस्तान की जमीन पर विवाद के कारण यह प्रोजेक्ट रुक गया है। पलामू सांसद बिष्णुदयाल राम ने शुक्रवार से तीर्थ विकास यात्रा की शुरूआत की है। इस यात्रा की शुरूआत उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा बन रहे गढ़वा बाईपास से की है। इस दौरान गढ़वा बाईपास को लेकर उन्होंने आम लोगों के साथ अपने दर्द को साझा किया है। उन्होंने बताया कि किस कदर यह ड्रीम प्रोजेक्ट एक जगह जा कर रुका हुआ है।सांसद बिष्णुदयाल राम ने बताया कि जिस वक्त बाईपास का डीपीआर तैयार हो रहा था।




**कार्यशैली** | **छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम अप्रासंगिक**

# काश्तकारी अधिनियम लागू हो

**काश्तकार अधिनियम के तहत उपायुक्त को दिया गया है विशेष अधिकार**

**आदिवासी दलित व पिछड़ी जातियां बिना उपायुक्त की अनुमति के अपनी भूमि की खरीद बिक्री नहीं कर सकते है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह एवं जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने संयुक्त बयान जारी कर पलामू उपायुक्त के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। झारखंड में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम एवं संथाल परगना काश्तकार अधिनियम के तहत उपायुक्त को विशेष अधिकार दिया गया है जिसमें काश्तकार अधिनियम के तहत आदिवासी दलित एवं पिछड़ी जातियों को बिना उपायुक्त की अनुमति के वे अपनी भूमि खरीद बिक्री नहीं कर सकते हैं वहीं दूसरी ओर पलामू जिला में आदिवासी दलित पिछड़ी जातियों का जमीन पूर्व जमींदारों के द्वारा बिना उपायुक्त के अनुमति के उनका भूमि हड़प लिया गया और वे लोग उपायुक्त के कार्यालय में या न्यायालय में अपनी अर्जी देते रह जाते हैं, परंतु उस पर कोई कार्रवाई या सुनवाई नहीं होती है। पलामू उपायुक्त उस आवेदन को अंचल कार्यालय भेज देते हैं जहां वहीं पड़े पड़े कागज नष्ट हो जाता है और आम आदमी का दौड़ते दौड़ते चप्पल भी टूट जाता है। लेकिन उपायुक्त के उनको दिए गए काश्तकारी अधिनियम के तहत अधिकार का इस्तेमाल गरीबों के पक्ष में ना करके जिला दंडाधिकारी या पदाधिकारी के रूप में अपना कार्य संपन्न करते हैं। लेकिन उपायुक्त को दिए गए विशेष अधिकार का इस्तेमाल काश्तकारी अधिनियम के तहत नहीं करते हैं। जिससे उपायुक्त को दिए गए विशेष अधिकार का कोई मतलब पलामू में नहीं रह गया है। जिला में छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम का कोई माने नहीं रह गया है। राज्य सरकार को चाहिए की काश्तकार अधिनियम के तहत उपायुक्त को जमीन संबंधित विवादों का निपटारा करने का आदेश दे।

## मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर सांसद ने गिनाई उपलब्धियां, कहा- विश्व भर में बढ़ा है भारत का सम्मान

# 'बाइपास के लिए जल्द जमीन उपलब्ध कराए राज्य सरकार'

**गढ़वा। प्रतिनिधि**

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र सहित देशभर में विकास की नई आयाम स्थापित किया गया हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से विकास की लंबी लकीर खीच रही हैं। यहीं कारण हैं कि विश्वभर में भारत का मान-सम्मान बढ़ा हैं। उक्त बातें सांसद वीडी राम ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं के साथ केन्द्र सरकार की ओर से जनहित में किए गए प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का अवलोकन भी किया। सबसे पहले सांसद बाइपास सड़क निर्माण कार्य का मुआयना किया।




इस दौरान उन्होंने बताया कि बाइपास सड़क उनका ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में शामिल था। 903 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले बाइपास सड़क जिसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया हैं। शेष दस प्रतिशत कार्य कब्रिस्तान के कारण बाधित हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जबावदेही होती हैं। ऐसे में राज्य सरकार जल्द जमीन उपलब्ध करावें, ताकि बाइपास सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया जा सके। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान के पास की भूमि जीएम खाता की हैं। इसके बावजूद जिला प्रशासन और राज्य सरकार उक्त् जमीन को उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर कर रहे हैं। यह हास्यपद हैं। उन्होंने कहा कि बाइपास सड़क का काम पूरा होने के साथ गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस मामलें में एनएचआई ने जांच के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की हैं। गठित टीम गढ़वा पहुंच गई हैं। टीम में शामिल अधिकारी पूरे मामलें की जांच कर रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौपेंगे। उसके बाद एनएचआई के स्तर से अग्रेतर कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। वहीं मौके पर मौजूद एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि अगर बाइपास सड़क का शेष बचे कामों के लिए भूमि उपलब्ध करा दिया जाए तो तीन माह के अंदर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सांसद गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग स्थित अन्नराज घाटी पहुंचे। सांसद ने बताया कि अन्नराज घाटी ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित हैं। काफी घुमवदार होने के कारण वहां पर सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो चुकी हैं। उक्त सड़क को सीधा करने की स्वीकृति मिल चुकी हैं। 16 करोड़ रूपए की लागत से वहां पर निर्माण कार्य होगा। वन विभाग से क्लीयेरेंस नहीं मिलने के कारण उक्त कार्य में विलंब हो रहा था। लेकिन वन विभाग ने सहमति देते हुए क्लीयेरेंस भी उपलब्ध करा दिया हैं। जल्द ही उसका निर्माण कार्य शुरू होगा।

## झारखंड और बिहार को जोड़ने वाला पुल निर्माण कार्य का सांसद ने किया निरीक्षण

**गढ़वा। प्रतिनिधि**

झारखंड और बिहार को जोड़ने वाली श्रीनगर-पंडुका पुल निर्माण कार्य का सांसद विष्णु दयाल राम ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। उक्त पुल का निर्माण कार्य 210.13 करोड़ रूपए की लागत से हो रही हैं। इस दौरान उन्होंने कांडी के डुमरसोता में भाजपा कार्यकताओं और ग्रामीणों के साथ बैठक किया। सांसद ने बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह सरकार के नौ वर्ष का कार्य सेवा, सुशासन और गरीबों के प्रति समर्पित रही हैं। पुल का निर्माण हो जाने के बाद इसका लाभ सिर्फ गढ़वा ही नहीं बल्कि पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी लोगों को मिलेगा। पुल निर्माण से आवागमन में सुगमता के साथ-साथ व्यापार, आर्थिक गतिविधियां में बढ़ोत्तरी और लोगों के समय की बचत होगी। पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2024 के अंत तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह 1233 करोड़ रूपए की लागत से सोन-कनहर पाइपलाइन परियोजना का कार्य भी संचालित हो रहा हैं। उसका का भी कार्य अगले वर्ष तक पूरा हो जाएगा। इससे गढ़वा जिला के लगभग सभी प्रखंडा के खेत सिंचित होगा। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के दो-दो प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं को भाजपा तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, कार्यक्रम के प्रभारी शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, विभाकर पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, अंजनी तिवारी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, रामलला दुबे, अखिलेश तिवारी, वीर दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, भोला चंद्रवंशी, चंद्रदेव राम, प्रवीण जायसवाल, चंदन जायसवाल, लक्ष्मण राम, संजय ठाकुर, विकास तिवारी, श्रीकांत दुबे, मुकेश चौबे, सूरत गुप्ता, रामउदार पांडेय, अखिलेश तिवारी, शिवनारायण चंद्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाइक दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बम्बा डैम के बांध पर गुरुवार की शाम मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से डैम के नीचे गिरे युवकों को वहां से उठाकर डैम पर लाया। सब इंस्पेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने घायल आशीष कुमार की स्थिति गंभीर देख तत्काल पुलिस वाहन से उसे इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल लाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने आशीष कुमार को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गढ़वा से इलाज के लिये रांची ले जाने के क्रम में लातेहार के निकट आशीष कुमार (पिता सूर्यदेव राम, ग्राम कटहर कला) की मौत हो गई।



वहीं घायल राकेश कुमार व आशीष (दोनों ग्राम शारदा) का इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है।

### हाईवा की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के बेलचांपा में हाईवा के चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान पलामू के पंजरी कला गांव निवासी सुनील महतो के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुनील दरमी एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में जा रहा था। उसी दौरान बेलचांपा में एक हाईवे ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया।

### बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के पांडू मोड़ के समीप बाइक से गिरने से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक का पहचान पांडू थाना क्षेत्र के चणोंखर पर गांव निवासी राम मोहन राम का पुत्र अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह पांडु बाजार में किसी कार्य से गया हुआ था बाजार से वह बाइक से लौट रहा था उसी दौरान पांडू मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### कार दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**मझिआव।** थाना क्षेत्र के टरहे गांव निवासी कृष्णा यादव का पुत्र धर्मेंद्र यादव एवं उसका चाचा संजोग यादव कार दुर्घटना में घायल हो गए। धर्मेंद्र यादव को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया गया कि धर्मेंद्र यादव अपने घर से कार पर सवार होकर अपने ससुराल नगर उंटारी थाना क्षेत्र के झूमरी गांव जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर भोजपुर गांव के पास एक पेड़ से टकरा गई।

# अनंजय सिंह का झारखंड कबड्डी टीम में चयन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



66वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आगामी 6 जून से 12 जून तक दिल्ली में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के नगर उंटारी प्रखंड के बारोडीह गांव का अनंजय सिंह भाग लेगा। अंडर-19 बालक कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में उसका चयन हुआ है। उक्त जानकारी गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से ढाई सौ खिलाड़ियों भाग लिया था। 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। गढ़वा जिले के खिलाड़ी अनंजय सिंह का चयन होना जिले के लिए बहुत ही खुशी की बात है।

# बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की गई

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह ने स्वयंसेवकों के साथ बैठक किया। बैठक में उन्होंने पंचायतवार लंबित आवासों की समीक्षा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रेरित कर आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वयंसेवको को लाभुकों से सम्पर्क कर उन्हें हरहाल में 30 जून तक आवास योजना का निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा



कि प्रखंड में अभी तक कुल 624 आवास का निर्माण लम्बित है, जिसे हरहाल में आगामी 30 जून तक पूरा कराना है बैठक में स्वयंसेवक अमित कुमार,बचनदेव, कृष्ण मुरारी देव, मानती कुमारी, विपिन कुमार, सत्येन्द्र कुमार, सोमारू उरांव सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# महोत्सव व महायज्ञ की तैयारी जोरों पर चल रही

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

विंध्य क्षेत्र अंतर्गत नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे-जतपुरा गांव में भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। प्रवचन पंडाल



व पर्णकुटी का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है प्रवचन पंडाल, पर्णकुटी परिसर, साधु-संतों को रहने के लिए बने कमरे की लिपाई-पुताई-रंगाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है गांव का युवा वर्ग यज्ञ स्थल पर भूमि की लिपाई-पुताई-रंगाई सहित अन्य कार्यों में पूरे भक्ति भाव से लगा हुआ है। रितेश शुक्ल उर्फ छोटू, विकास शुक्ल, रोहित चौबे, सचिन शुक्ल, हैप्पी शुक्ल, सौरभ शुक्ल, आयुष शुक्ल, चुन्नी चौबे, सुमित शुक्ल, मोनू शुक्ल, अनुराग शुक्ल, शुभम शुक्ल, श्रेयश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में युवा वर्ग यज्ञ स्थल पर भूमि की लिपाई-पुताई-रंगाई, साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों में बड़े ही भक्ति भाव से लगा हुआ है वहीं विद्वान पंडित श्यामसुंदर दुबे के दिशा-निर्देशन में विगत एक माह से 50 से अधिक श्रम योगी प्रवचन पंडाल, पर्णकुटी आदि के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं दिनों-दिन यज्ञ स्थल की भव्यता बढ़ते जा रही है।

## गढ़वा/लातेहार/ लोहरदगा

### लाली में महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लाली गांव निवासी राकेश कुमार रजक की पत्नी रिंकी देवी ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर आपस में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद राकेश ने अपनी पत्नी को साथ मारपीट की। इसी बात से आक्रोशित होकर रिंकी देवी ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### सिरोही कला में पेड़ से गिरने से किशोर घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के सिरोही कला गांव निवासी रामलाल सिंह का पुत्र बबलू सिंह पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह घर से बकरी चराने जंगल की ओर गया हुआ था जहां वह पेड़ पर चढ़ा हुआ था। उसी दौरान वह पेड़ से गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर बैठक आयोजित

बारियातु। प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे पर्यावरण के साथ जीवन शैली जीने को लेकर बैठक की गई। बैठक मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने उपस्थित प्रखंड कर्मी व पंचायत प्रतिनिधियों को बताया की मिशन फॉर एनवायरमेन्ट का मतलब पर्यावरण का संरक्षण हो। पर्यावरण के साथ जीवन जीने के लिए कृषि उत्पादन मे जैविक खाद उपयोग करना, पेंड़ पौधे कटाई से बचाना, वन प्राणियों को नुकसान नहीं पहुँचाएं, यानि प्रकृतिक आधार पर जीवन जीने की अपील की. वहीं प्रमुख उर्मिला देवी ने भी सम्बोधित करते हुए प्रकृतिक संरक्षण पर प्रकाश डाला। बीपीओ रवि यादव ने कहा की प्रकृतिक ही ऐसा है की बिना मांगे सभी चीज को देता है प्रकृति के दिए हुए हर चीज को उपयोग कर जीवन जीते हैं। मौके पर सभी पंचायत मुखिया, स्वयंसेवक, पंचायत सचिव, मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, प्रखंड समन्वयक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान चलाया गया

**महुआडांड़।** हामी- पंचायत के पंचायत सचिवालय में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का कैम्प आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस के माध्यम से किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेन-देन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है, डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मौके पर उद्घाटन हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक, उपमुखिया उर्मिला खलखो, पूनम देवी, वार्ड- सुनीता नगेसिया, ग्राम प्रधान- फ्रांसिक केरकेट्टा, सुनीता, सुमंती, मोनिका, लीलावती, अनूपा सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुए।

### सबके सहयोग से ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की



**भंडरा।** सद्भावना मंच के तहत भंडरा के पलमी गांव में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ग्रामीणों ने दो जून को सड़क का मरम्मत किया। सद्भावना मंच के तहत पिछले कई महीनों से भिन्न भिन्न गावों में विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को पलमी के खुदु टोली से धरमा महली के सिंचाई कूप तक लोगों ने कच्ची सड़क का मरम्मत किया। इसमें बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने भी कुदाल चला कर लोगों को श्रमदान के लिये प्रेरित किया। स्थानीय मुखिया सुमित उरांव, भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव, भिठा उरांव, रउफ अंसारी आदि ने भी कुदाल चला कर लोगों का सहयोग किया। इस दौरान इश्तियाक अंसारी, कुलदीप टोप्पो, असरुद्दिन अंसारी, संजय उरांव, राजेंद्र महली सहित महिलाओं ने भी श्रमदान में शामिल हुए।

### लिपिक पद के प्रमाण पत्रों की जांच की गई

**लोहरदगा।** इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी व समाहरणालय लोहरदगा के लिए अनुशंसित 44 निम्नवर्गीय लिपिकों के सभी प्रमाण-पत्रों की जांच की गई।

**आयोजन**

## किसान गोष्ठी में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने रखे विचार

# गोष्ठी में किसानों को बताए गए खेती के तौर-तरीके

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को प्रक्षेत्र दिवस किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण पूरक पद्धति अभियान के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में बीडीओ सोमा उरांव, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, डॉक्टर कुमुद रंजन, बीटीएम अजय साहू, बीपीओ रेनू वाला, 20सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष क्यमुदिन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, जिप सदस्य मोहन पासवान इत्यादि लोगों ने भाग लिया। किसान गोष्ठी कार्यक्रम में अलग-अलग स्तर से लोगों को खेती बारी की विधि से लेकर योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी गई।



इस दौरान जलवायु के हिसाब से मौसम के अनुसार बीटीएम अजय गुप्ता के द्वारा जहां उन्हें खेती करने के तौर-तरीके बताए गए, वहीं मनरेगा 15वें बीत व स्वास्थ्य के बारे में पीएचडी विभाग के अधिकारी मनीष कुमार ने बारीकी से एल ई डी में माध्यम लोगों को समझाने का काम किया। बीटीएम ने कार्यक्रम में भाग लिए लोगों को बताया की अधिक पैदावार के लिए लोगों को मोटा धान पैदा करने की जरूरत है। उक्त फसल में किसानों को कम मेहनत के साथ-साथ कम पटवन भी करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि किसी भी तरह की खेती करने से पहले किसान खासकर गर्मी के दिनों में अच्छी तरह से अपने अपने खेतों की जुताई कर ले। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मनीष कुमार ने स्वास्थ्य संबंधित शौचालय के बारे में लोगों को बताया कि जितने भी ग्रामीणों के घरों में अब तक शौचालय का निर्माण हो गया है। वे सभी नियमित रूप से अपने अपने शौचालय का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि खुले में शौच से पर्यावरण दूषित होगा जिससे कई तरह की बीमारियां फैलेंगी। सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में उन्होंने कहा कि जहां भी प्लास्टिक देखे उसे नियमित रूप से आग के हवाले करने का काम करें। मनीष ने प्लास्टिक के बजाय मिट्टी के बर्तनों को उपयोग करने की भी बात लोगों से कही। उसके अलावा उन्होंने वर्मी कंपोस्ट औरमनरेगा के अभिसरण की योजना के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि महिलाएं बिना चिकित्सीय परामर्श के किसी भी तरह का कोई काम ना करें जिससे उन्हें जोखिम उठाना पड़े। उन्होंने अपने अस्पताल में कई आवश्यक संसाधनों की कमी को सार्वजनिक करते हुए कहा कि इस बारे में उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया गया है। बीडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। लोग खुले में शौच के बदले घर-घर में बने शौचालय का नियमित उपयोग करने का काम करें। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिनके घरों में अब तक शौचालय नहीं बन पाया है वे सभी यथाशीघ्र आधार कार्ड बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ अपना अपना आवेदन प्रखंड कार्यालय में जमा कर दें, जिससे कि उन्हें भी शौचालय का लाभ मिलना शुरू हो जाए। मोटा धान पैदा करने के बारे में लोगों को उन्होंने कहा कि व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी यह विधि बहुत ही अच्छी है। लोग अच्छी तरह अपने अपने खेतों की तैयारी कर उक्त फसल को उपजाएं। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि घूर बिगन बैठा, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, मुखिया सुनीता देवी, बच्चा लाल गुप्ता, नईमुद्दीन अंसारी, सुदामा प्रजापति, राजू विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं ने केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने को लेकर केंद्र सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थल पर पहुंचकर सरकार की उपलब्धियां बताई है।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह समेत भाजपा के अन्य कार्यकर्ता डिग्री कॉलेज पहुंचे और पूर्व विधायक ने बताया कि केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में इस डिग्री कॉलेज को बनाया गया है जिसमें क्षेत्र के अति पिछड़े गांव के विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं यहां पर कॉलेज नहीं होने से लोग परेशान थे। जिसके बाद पूर्व विधायक और भाजपा के कार्यकर्ता हेरहंज मुख्य




मार्ग पर पहुंचे और वहां पर हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि हेरहंज मुख्य मार्ग का निर्माण हमारे रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में किया गया है इस सड़क से दर्जनों गांव जुड़ते हैं पहले सड़क की स्थिति काफी खराब थी लेकिन सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन के लिए काफी सुविधा मिल रही है। जिसके बाद पूर्व विधायक एवं कार्यकर्ता औरंगा नदी के पुल के पास पहुंचे वहां पर हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि इस पुल का निर्माण भाजपा के शासनकाल में किया गया है आज इस पुल का निर्माण होने से लोगों को नदी पार करने में कोई दिक्कत नहीं होती है पहले के समय में यहां के लोग एवं विद्यार्थियों को नदी पार करने में बहुत दिक्कत आती थी आज इस पुल के निर्माण से कुमंडी रेलवे स्टेशन जुड़ने के साथ-साथ कई अन्य गांव जुड़ चुके हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्यों की वजह से क्षेत्र से नक्सली गतिविधियां समाप्त हो गई जिससे लोग निर्भय होकर आगे की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं पुल निर्माण समेत विभिन्न तरह की जन कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां बताते हुए हरिकृष्ण सिंह एवं भाजपा के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का आभार व्यक्त किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार ,अमरदीप कुमार, विकास कुमार, सत्यनारायण प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्क्रैप लूट के सूत्रधार से पूछताछ नहीं करना आश्चर्यजनक : भाजपा

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर झारखंड के डीजीपी से कहा की लातेहार के चंदवा थाना अंतर्गत दिवालिया हो गए अभिजीत प्लांट में स्क्रैप के करोड़ों रुपए की चोरी हुई है।प्रतुल ने डीजीपी को बताया की मुख्य सूत्रधारों में एक भरत उरांव को चँदवा पुलिस ने गिरफ्तार किया।लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पुलिस ने उसे कस्टडी में लेकर पूछताछ करने की कोशिश नहीं की। प्रतुल ने कहा की भरत उरांव के जरिए उन सफेदपोश और माफिया तत्व तक पहुंचा जा सकता था जो इस स्क्रैप चोरी का अभी तक संचालन कर रहे हैं। उन्होंने डीजीपी से आग्रह किया है की वे निर्देशित कर भरत उराव को रिमांड में लेकर गहराई से पूछताछ का आदेश दें।

# भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में बनी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर संगठन द्वारा शुक्रवार को महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय के सामने अभियान के तहत केंद्र सरकार की 9 वर्ष के कार्यों और जिले में सरकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। बताया कि मोदी जी के शासनकाल में चतरा जिला अपनी एक अलग पहचान बना रही है। सबसे तेजी से बदलने वाले जिले के रूप में आज चतरा है। केंद्र सरकार के प्रयास से एनटीपीसी का पावर प्लांट, सीसीएल की खदानें, चोरकारी पावर ग्रिड, केन्द्रीय विद्यालय सिमरिया, सिमरिया बायपास सडक निर्माण, चतरा




बायपास सडक निर्माण, सबसे बड़ी परियोजना भारतमाला परियोजना जो कि 3 राज्य को चतरा जिले से जोडेगी। यह सडक बनारस से चलकर कोलकाता तक जाने वाली है। जिसमें चतरा जिले के कई इलाके जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से जिले में शिक्षा का स्तर काफी उपर उठा है। मौके पर अशोक शर्मा, मिथलेश गुप्ता, अक्षयवट सिंह, उपेन्द्र सिंह, सिमरिया मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, अमित कुमार साहू, मीडिया प्रभारी मारुति नंदन, भोला सिंह, धर्मेन्द्र साहू, आनंद यादव, लिलाधर महतो, सुनिल कुमार, गणेश सिंह, बिजेन्द्र कुमार, आशीष कुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक



**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श शिशु विद्या मंदिर में भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला कार्यसमिति की बैइक जिला अध्यक्ष छोटू राजा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यसमिति में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी शामिल हुए। मंच संचालन जिला महामंत्री सूरज शाह ने धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अश्विनी सिंह ने कियाा। मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडे, आशुतोष सिंह, चेरो जिला उपाध्यक्ष शह प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, सुमंत, रोहित शाह देव, मंत्री सर्वेश कुमार, मीडिया प्रभारी आलोक कुमार, पवन राजा, प्रशांत सिंह, सूरज, रोशन शुक्ला, अंकित गोलू, संदीप केसरी, विनय वर्मा, अनूप कश्यप, रोहित, प्रभु उरांव, पारस, हेमंत, लव यादव आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा



**बरवाडीह।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड की सभी पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिव के साथ बैठक हुई। बैठक में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सभी सरकारी योजनाओं को ससमय पूरा करने हेतु 10 जून के पहले पर्याप्त मात्रा में बालू को लाभुक के घर के पास और कार्यस्थल के पास भंडारण कर लेने के निर्देश दिए गए।

## हादसे में कई यात्री घायल, चतरा से रांची जा रही थी बस

# रेलवे ओवरब्रिज से टकराई यात्री बस, दो लोगों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** लातेहार। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में चतरा-रांची मुख्य मार्ग पर ओवर ब्रिज के निकट शुक्रवार को यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। मृतकों में रांची सोस निवासी बस का कर्मचारी मो. इनायतुल्लाह (33) तथा बालूमाथ निवासी यात्री प्रतिमा देवी (30) शामिल है। एक अन्य यात्री रविंद्र कुमार को भी गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मोना नामक यात्री बस चतरा से यात्रियों को लेकर रांची जा रही थी। इसी दौरान बालूमाथ ओवर ब्रिज पर अचानक बस की पत्ती टूट गई। इससे बस असंतुलित होकर ओवर ब्रिज के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का एक चक्का डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया। इस घटना में बस का कर्मचारी मो इनायतुल्लाह, प्रतिमा देवी, रविंद्र कुमार समेत अन्य



यात्रियों को को चोट आई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही मो. इनायतुल्लाह और प्रतिमा देवी की मौत हो गई।

### मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हुई

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोध फॉल सड़क के हामी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर लगभग ढाई बजे एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सवार महुआडांड़ के सुग्गी ग्राम निवासी युवक अरूण खेश (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# गैंगस्टर साहू ने उगले कई राज, 2012 में अपराध की दुनिया में रखा था कदम

**अजय सिन्हा। लातेहार** चर्चित गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव को बालूमाथ थाना पुलिस ने चार दिनों की रिमांड पर लेने के बाद पूछताछ की. भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे एक जून की दोपहर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लातेहार मो. अब्दुल नासिर की अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत में 20 पन्नों का सीलबंद स्वीकारोक्ति बयान पेश किया जिसे 2 जून को खोला गया. अपनी स्वीकारोक्ति बयान में अमन साहू ने आपराधिक साम्राज्य का खुलासा किया है। उसने बताया कि उसका जन्म रांची के मतवे, बुढ़मू गांव में वर्ष 1995 में हुआ था. वर्ष 2010 में उसने मैट्रिक की परीक्षा 78 फीसदी अंकों के साथ उतीर्ण किया। उसके बाद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एवं कंप्यूटर साइंस में पंजाब के मोहाली से डिप्लोमा 62 प्रतिशत अंक के साथ पास किया।

**कुलेश्वर सिंह से मुलाकात के बाद अपराध की दुनिया में आया साहू :** गैंगस्टर अमन साहू ने अपने

**आईटी-सीएस से डिप्लोमा है गैंगस्टर अमन साहू**

**2010 में 78 फीसदी अंक लाकर मैट्रिक पास की थी**

**4 उग्रवादी संगठनों, दर्जनों आपराधिक गिरोहों से दोस्ती**

बयान में बताया कि वह गर्मी की छुट्टियों में साल 2012 में घर आया था। इसी बीच उसकी पहचान झारखंड जनमुक्ति मोर्चा के तत्कालीन सुप्रीमो कुलेश्वर सिंह से हुई और यहीं से उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा. धीरे-धीरे उसकी पहचान टीपीसी के सब जोनल विराज उर्फ राकेश गंझू राजन जी, सागर जी, उमेश, रमेश, मनोज तथा आशीष कुजूर से हुई। उसने अपनी दोस्ती का दायरा बढ़ाते हुए पीएलएफआई के प्रेम गोप, झंगुर ग्रुप के रामदेव उरांव, झुनमुन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया। एक कांड में उसे 2015 में जेल जाना पड़ा जहां उसकी दोस्ती सुजीत सिन्हा एवं मयंक सिंह से हुई। धीरे-धीरे उग्रवादी संगठनों के अलावा अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों से भी उसकी दोस्ती बढ़ती गई।

**कई राज्यों के कुख्यात अपराधियों के साथ अमन साहू ने बढ़ाई दोस्ती :** नेपाल के कुख्यात नयन एवं कमल थापा, उत्तर प्रदेश के कुख्यात मयंक सिंह, हरिशंकर तिवारी, पंजाब के कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई एवं अनमोल बिश्नोई, सिवान के रईस खान, अयूब खान, राजस्थान के पपला गुर्जर, भागलपुर के नयन सिंह, कटिहार के महाराणा यादव, पूर्णिया के शर्मा यादव, भवानीपुर के चीकू यादव, नवगछिया के बंदी, गौरव एवं सिंटू यादव जैसे कुख्यात अपराध कर्मियों से उसकी दोस्ती बढ़ती गई। उसने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि उसके गिरोह के पास कुल 250 घातक हथियार हैं, जिसमें 5 एके 47, नौ कारबाइन एवं 166 पिस्टल शामिल हैं।

### मन के मिलन पखवाड़े में 33 वर्ष पुराने लंबित दीवानी मुकदमे का हुआ निपटारा

**चतरा।** सचिव प्रज्ञा बाजपाई के नेतृत्व में शुक्रवार को आयोजित मन का मिलन पखवाडा कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा के अथक प्रयास से 2006 के सिविल अपील के 8 वादी एवं 34 प्रतिवादी समझौते के लिए मध्यस्थ केंद्र जिला विधिक सेवा प्राधिकर परिसर में उपस्थित हुए। इसमें मध्यस्थ बिनोद कुमार पाठक के प्रयास से उभय पक्षों के बीच समझौता हो गया। उक्त केश वर्श 1990 में सिविल जज के यहां दायर हुवा था और लगभग 33 वर्ष तक चला। उक्त केश का निपटारा संबंधितों के पहल व प्रयास से इतने लंबे अंतराल के बाद संभव हुआ।

# कुडू के पूर्व प्रमुख ने चंदवा थाने में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के दुबांग निवासी सह कुडू प्रखंड के पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा ने चंदवा थाना में आवेदन देकर कुछ लोगों के ऊपर जान मारने की नियत से मारपीट करने का आरोप लगाया है।

आवेदन में परिखा मुंडा ने कहा है कि वह बीते 31 मई को अपने सहयोगी राजेंद्र लोहरा के साथ कुडू से लातेहार किसी काम से जा रहा थे तभी चंदवा पूर्वी के गुरीटांड़ निवासी सकूल मुंडा के द्वारा फोन कर कहा गया कि कुछ जरूरी बात करनी है सो आप गुरीटांड़ चले आइये। इसके बाद वे अपने साथी के साथ गुरीटांड़ पहुंचे जहां लगभग

**थाना प्रभारी ने कहा, दोषियों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी**

60-70 की संख्या में पहले से ही महिला पुरूष मजमा लगाकर जुटे हुए थे। जब परिखा वहां पहुंचे तो उन लोगों ने उन्हें चारो ओर से घेरे लिया और लाठी डंडे से पिटाई करने लगे। परिखा मुंडा ने आगे कहा है कि वँहा से गुजर रहे दो लोग चंदवा निवासी मनोज साव और शाहिद अंसारी जब हमलोगों को बचाने के लिए रुके तो सभी ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया और उनके साथ भी मारपीट की।जब वे लोग हमें जान से मारने की बात करने लगे तब किसी ने फोन पर चंदवा पुलिस को सूचना दे दी। सही समय पर अगर पुलिस नहीं पहुंचती तो हम लोगों को जान से मार दिया जाता।पारिख मुंडा ने गुरीटाँड़ निवासी नौ लोगों पर जान मारने की नियत से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पारिख मुंडा ने मारपीट से संबंधित एक वीडियो भी उन लोगों पर वायरल करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पूछे जाने पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने बताया कि मारपीट से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है, दोषियों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

# जनसेवकों की हड़ताल से बढ़ी जनता की परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिले के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को 25 वें दिन भी समाहरणालय के समक्ष धरना पर बैठे। बता दें कि जनसेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से कई विभागों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समय पर खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण कार्य नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ी बात की गरीबों का राशन कार्ड बनाने का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। पंचायतों का विकास कार्य प्रभावित हो गया है। वृद्धा पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि ऋण माफी एवं ईकेवाईसी का कार्य भी प्रभावित हो गया है। जन सेवकों की हड़ताल के कारण आगामी खरीफ योजना का कार्य प्रभावित



होने की पूरी संभावना बन गई है। इसके अलावा मिट्टी जांच प्रयोगशाला में किसानों के मिट्टी के नमूनों की जांच और सांख्यिकी का कार्य प्रभावित हो गया है।

जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के कारण इतने दिनों तक हड़ताल चल रहा है. सरकार हड़ताल को समाप्त करने की कोई पहल नहीं कर रही है। जिला सचिव लव कुमार पासवान और प्रवक्ता रघुनंदन राम ने कहा कि 24 दिन से जनसेवक हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार ने कोई पहल नहीं की है। धरना में प्रकाश कुमार, सुजाता

**हड़ताल खत्म कराने के लिए सरकार नहीं कर रही पहल : रामनाथ यादव**

कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक शामिल थे।

## बैठक | उपायुक्त ने की विभिन्न विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश

# ‘योजनाओं पर उदासीन रवैया अस्वीकार्य’

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता व सांख्यिकी आदि विभागों की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत परिसंपत्ति का वितरण, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भधारण कार्यक्रम, टीकाकरण समेत अन्य किये गए कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप न पाकर रोष प्रकट करते कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आधारित योजनाओं पर उदासीन रवैया अस्वीकार्य है तथा कार्यों में जल्द सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत जिले में कुल




112101 आवेदन बैंकों के द्वारा स्वीकृत किये गये हैं, जो राज्य में जिला का दूसरा स्थान है।

झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत बताया गया कि कुल 21496 ई-केवाईसी की स्वीकृति दी गई है, जिसपर उपायुक्त ने विगत बैठक में उक्त योजना अंतर्गत लाभुकों के सत्यापन के निर्देश की अद्यतन स्तिथि की जानकारी ली। इसी क्रम में डीएमएफटी के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम यथा बीज, मिनी किट वितरण एवं मिशन लाइफ और गोबर धन योजना अंतर्गत किये गए गोष्ठी, जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं अन्य किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जरूरी दिशा निर्देश दिया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा वित्तिय वर्ष 2022-23 में बंजर भूमि/राइस फैलो विकास योजनान्तर्गत सरकारी व निजी तालाब जीर्णोद्धार योजना के तहत किये गए कार्यों के बारे में बताया गया कि कुल 13 तालाबों में मिट्टी कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 50 तालाबों में कार्य प्रगति पर है।

जलनिधि योजना अंतर्गत परकोलेशन टैंक का निर्माण और डीप बोरिंग का कार्य किया जा रहा है। जिला ससहकारिता पदाधिकारी ने पैक्स व विशेष प्रकार की समितियों की जानकारी देते हुए उनके निर्वाचन, अंकेक्षण, जमा वृद्धि योजना संबंधित व अन्य के अंतर्गत किये गए कार्यों के बारे में बताया। कोल्ड रूम निर्माण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हंटरगंज और मयूरहंड में कार्य प्रगति पर है एवं बाकी प्रखंडों में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत प्राप्त 61254 आवेदनों के आलोक में कुल 45172 किसानों का ई-केवाईसी सम्पन्न किया गया है और कुल 60043 किसानों के आवेदन पीएलसीसी द्वारा सत्यापित किये गए हैं। धान अधिप्राप्ति के अंतर्गत किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने आगे का कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा वषामापक यंत्रों का अधिष्ठापन, जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण, जन्म-मृत्यु निबंधन के जाली प्रमाण पत्र को रोकने हेतु किये गए कार्यो समेत अन्य कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी आशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# रेलवे साइडिंग निर्माण के लिए फर्जी अनापत्ति मामले में कार्रवाई की मांग

**शशि पाठक। टंडवा (चतरा)** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण के लिए वनाधिकार समिति से फर्जी प्रस्ताव लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार अंचलाधिकारी के पत्रांक 614 के आलोक में 18 मई 2023 को सेरनदाग में वनाधिकार समिति व ग्रामसभा के माध्यम से विभागीय अनापत्ति हेतु फर्जी प्रस्ताव पारित किए जाने से लोग हैरत में हैं। उक्त मामले की भनक लगते हीं 31 मई को ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की बैठक सेरनदाग में हुई थी, जहां मौजूद वनाधिकार समिति सदस्य, ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने 18 मई के आयोजित बैठक को फर्जी बताते हुए अपनी मौजूदगी व जानकारी होने से भी साफ इंकार कर दिया।

वहीं इस मामले को लेकर गुरुवार को उपायुक्त चतरा समेत तमाम वरीय

**ग्रामीणों ने उपायुक्त व विभागीय अधिकारियों को लिखा पत्र**

अधिकारियों को ग्रामीणों ने पत्र सौंपकर फर्जी प्रस्ताव अविलंब निरस्त करते हुए फजीर्वाड़ा करने वाले अधिकारियों व संलिप्ततों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी देते हुए आवेदक सह विधायक प्रतिनिधि गणेश प्रसाद साहु ने बताया कि समुचित कार्रवाई के लिए उपायुक्त को दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि सिमरिया विधायक, पुलिस अधीक्षक, एसडीओ सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी तथा वन पदाधिकारी को भी दी गई है। दुसरी ओर इस फजीर्वाड़े के मामले में अबतक किसी ने जबाबदेही नहीं लिया है। वहीं चुप्पी साधते हुए प्रतिक्रियात्मक बयान तक भी संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी नहीं की गई है। ग्रामीणों की माने तो हालांकि ऐसा हीं पूर्व में एक मामला प्रकाश में आ चुका हैं, जिसमें वर्ष 2019 में मगध कोल परियोजना से एनटीपीसी में कोयले की आपूर्ति हेतु कन्वेयर कॉरीडोर निर्माण को लेकर सराढू में आयोजित ग्रामसभा में मृतकों की मौजूदगी व निरक्षरों का हस्ताक्षर किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया था।

दिलचस्प तथ्य तो यह है कि उक्त बैठक की अध्यक्षता करने वाले तात्कालिक राहम मुखिया अपनी मौजूदगी नकार चुके हैं। हालांकि उक्त मामला वर्ष 2022 में ग्रामीणों के बीच प्रकाश में आने तक काफी देर हो जाने के कारण ग्रामीणों का शोर दब गया तथा ज्ञापांक 552 के माध्यम से विभागीय अनापत्ति दिया जा चुका था। बहरहाल ऐसे आपराधिक कृत्य करने वालों पर कार्रवाई में विलंब होना उनके लिए वरदान से कम नहीं होता।

### लगभग 50 महिला-पुरुषों की भीड़ ने बाल नोचकर, लप्पड़-थप्पड़ कर पीटा

# कुडू के पूर्व प्रमुख को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ा कर धुना, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल






**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू प्रखंड के पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा सहित चार लोगों को एक गांव के लगभग 50 महिला-पुरुषों की भीड़ द्वारा जमकर धुनाई करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा, सलगी राजेंद्र लोहरा सहित कुल चार लोगों को बाल नोचकर, लप्पड़ - थप्पड़ के साथ दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जा रहा है। हालांकि किस बात को लेकर लोग इतने उग्र हुए और पुरुषों के साथ महिलाएं भी धुनाई करने में शामिल हुईं इसका खुलासा नहीं हो पाया है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि चोरी करते पकड़े गए चोर की तरह एक संवैधानिक पद पर रहे परिखा मुंडा को एक पेड़ के नीचे मुजरिम की तरह बैठा दिया गया है और एक दो महिलाएं बाल नोच-नोचकर पिटाई कर रही हैं। परिखा मुंडा कोई प्रतिरोध नहीं कर रहे हैं। वायरल वीडियो में यह भी है कि जब गांव के कुछ लोग चारों लोगों को लाठी-डंडे से पिटाई कर रहे थे, तभी पूर्व प्रमुख ग्रामीणों के चंगुल से दौड़कर भागते नजर आ रहे हैं और उनके पीछे ग्रामीणों की भीड़ पकड़ने के लिए खदेड़ रही है। इस बीच प्रमुख ने चंदवा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार यह घटना गुरीटांड़ में हुई। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रमुख व इनके कुछ साथियों द्वारा चंदवा के गुरीटांड़ में फर्जी तरीके से जमीन की खरीद बिक्री करने की जुगत में पहुचे थे।

### भाजपा की महाजनसंपर्क अभियान टोली की हुई बैठक

# ‘हमारा लक्ष्य बूथों सशक्तिकरण’

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी की लोहरदगा लोकसभा महाजनसंपर्क अभियान टोली की बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह,भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने किया।



बैठक में विषय का विश्लेषण संगठन प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने किया। कार्यक्रम के नीमित अपनी तैयारी की गई प्रारुप को गुमला और लोहरदगा जिला अध्यक्ष ने बैठक में बताए। मौके पर भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन देश के लिए जी रहा है और यह एक महीने का महा जनसंपर्क अभियान जिसमें 13 प्रकार के कार्यक्रम समायोजित हैं जिसे विधानसभा मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी भाजपा के कार्यकर्ता अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि संयुक्त रूप से लगेंगे और इसकी कार्ययोजना तैयार कर कार्यक्रम का कार्यान्वयन करेंगे जो कि क्षेत्र सहित पूरे देश में एक वातावरण तैयार करेंगे। एक महीने के महा जनसंपर्क अभियान के दौरान लाभार्थी सम्मेलन, व्यापार एवं उद्योगी लोगों की गोष्ठी,मोर्चा सम्मेलन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस के रूप में बूथों पर कार्यक्रम, 25 जून को आपातकाल लगे थे इसे कालादिवस के रूप में मनाएंगे। इसी प्रकार लोकसभा स्तर पर कार्यकताओं का सम्मेलन किया जाएगा। हमारा लक्ष्य सदैव बूथ को सशक्तिकरण पर होनी चाहिए और बूथ से सभी लोग जुड़े होते हैं चाहे वह राष्ट्रीय नेता ही क्यों न हो। इसलिए सभी राष्ट्रीय नेता भी अभियान को लेकर क्षेत्रों में प्रवास शुरू कर दिया है। इन सभी कार्यों के साथ आर्थिक संग्रह के अभियान को सफल करना है जो हर तीन वर्ष पर करते है लोग सहयोग भी कर रहे हैं। संचालन जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस और धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिला अध्यक्ष अनुप अधिकारी ने किया। बैठक में संयोजक राजकिशोर महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, भूपन साहू, बालकेश्वर सिंह, अशोक उरांव, दामोदर कसेरा, भैरव सिंह, निरंजन सिंह, सरोज प्रजापति, धनंजय, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ, सजल, दिलीप बड़ाईक, सुधांशु कुमार, सुरेश बैठा शामिल थे।

## मिशन लाइफ के तहत कार्यशाला का आयोजन

**कुडू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा क्रियान्वित मिशन लाइफ के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में पंचायत स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस के सम्बंध में प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और संरक्षण, प्रदुषण को कम करने संबधी गतिविधियां और मिशन लाइफ के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु संचालित मुख्य सात विषयों की चर्चा की गई। जिसने ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने, ई कचरा कम करने, स्थायी खाद्य प्रणालियां, कचरा प्रबंधन एवं स्वस्थ्य जीवनशैली शामिल हैं।मौके पर विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता रोजगार सेवक एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।




# मिशन लाइफ के तहत बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

### जनप्रतिनिधि व कर्मियों को दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव और समाधान के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई मिशन लाइफ कार्यक्रम को लेकर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय मे जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर बीडीओ ने प्लास्टिक से होने वाले वन्य जीव एवं जलीय जीव को होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। इस दौरान पृथ्वी को प्लास्टिक से बचाने एवं पर्यावरण को बचाने के लिए जनप्रतिनिधियों व कर्मियों को संकल्प दिलाया गया।



मौके पर बीडीओ ने बताया की जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हर जगह देखा जा रहा है, हमारे ग्लेशियर पिघल रहे हैं, नदियां सूख रही हैं, मिशन लाइफ जलवायु संकट से लड़ने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एसी के तापमान को 17 डिग्री तक गिराना पसंद करते हैं, लेकिन इसका पर्यावरण पर गलत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि समस्याओं से निपटने के लिए पर्यावरण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा मिशन लाइफ की शुरूआत की गई है। बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधि व कर्मियों को शपथ दिलाते हुए अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ साफ और पेड़-पौधों की रक्षा करने का उन्हें संकल्प दिलाया और उन्हें बताया पर्यावरण को यदि शुद्ध रखना है, तो सबसे पहले हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ साफ रखना होगा। पॉलिथिन का उपयोग कम से कम करना होगा। इस मौके पर बिपिओ अभिषेक किशोर, मुखिया धनेश्वरी उरांव, परमेश्वर महली, सुमित उरांव, इंदरदेव उरांव, सुमंती तिग्गा, रऊफ अंसारी, नितेंदर कुमार, बंदना, तनुश्री सहित कई लोग मौजूद थे।

## इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं शुरू



**लोहरदगा।** इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं बलदेव साहू महाविद्यालय में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। परीक्षा में कुल 212 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 184 उपस्थित एवं 28 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में बीए इंग्लिश बीए पॉलिटिकल साइंस बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन बीए साइकोलॉजि बीए सोशियोलॉजी की परीक्षाएं संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न कराने में मुख्य रूप से प्रो शंभू प्रसाद, प्रोफेसर हरिहर प्रसाद साहू, प्रोफेसर मुकेश कुमार यादव, डॉक्टर पूनम शर्मा, डॉक्टर फरहत परवीन, राहुल कुमार, अरुण राम, प्रभु तिर्की, सूरज उरांव, अरविंद तिर्की सहयोग य्किया।

# प्लास्टिक को कहे न पर जागरूकता रैली निकाली

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अगुवाई में शुक्रवार को प्लास्टिक को न कहे विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई जो जोड़ा तालाब तक गई।इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने लोगों को बताया कि आज जिस तरह से हम दैनिक जीवन में प्लास्टिक से घिर कर इसका अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं इससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। सिंगल युज प्लास्टिक के इस्तेमाल कर जहां तहां फेक देने से गाय- बैल, बकरी, कुत्ता जैसे जानवर इसे खा लेते हैं अंतोगत्वा ये बेजुबान इसके लगातार सेवन से काल के गाल में समा जाते हैं। वही दूसरी ओर ये खेतों में पहुंचकर हमारे उपजाऊ भूमि को बंजर कर रहे हैं।



जलाशयों में पहुंचकर ये प्लास्टिक जलीय जीवों पर कहर बनकर टूट रहें हैं साथ ही साथ जल को दुषित कर रहे हैं। इतना ही नहीं खान- पान की चीजों में प्लास्टिक का इस्तेमाल कैंसर जैसी भयानक बिमारी का कारण भी बन रही है। मौके पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

**विश्व साइकिल दिवस पर आज निकलेगी रैली : लोहरदगा।** विश्व साइकिल दिवस पर साइंस फॉर सोसायटी लोहरदगा तथा अग्रवाल साइकिल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को प्रातः 8 बजे मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय से साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष, सोसायटी अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद व एडवाइजरी सदस्य संजय बर्म्मन रवाना करेंगे। लोगों से अपील की जाएगी कि प्रदूषण , जाम से मुक्ति व स्वस्थ रहने के लिए- साइकिल अपनाएं, साइकिल चलाएं।

# नियंत्रण खो बैठा ट्रैक्टर चालक, चार लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

घाघरा थाना के देवाकी पीठवरटोली के समीप ट्रैक्टर चालक ने नियंत्रण खो बैठा और पेड़ से जा टकराया जिससे ट्रैक्टर सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में जमटी निवासी मंगल उरांव एवं तारागुटु निवासी शुकरा उरांव, मनीष उरांव तथा अजय बड़ाइक शामिल है। मंगल, शुकरा एवं मनीष को गंभीर चोट आई है। जबकि अजय को अंदरूनी चोट लगी है। बता दें कि ट्रैक्टर बिशुनपुर के जमटी से चालक दिनेश अपने गॉव तारागुटु लेकर जा रहा था। इसी क्रम में पीठवरटोली के समीप पेड़ से जा टकराई और घटना घटी। ऑटो चालक संघ के घाघरा अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने ऑटो रुकवाकर एक घायल को सीएचसी घाघरा भिजवाया जबकि दो अन्य घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु मंगल एवं शुकरा को सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया।



### पहल | विधायक ने आदिवासी संस्कृति बचाने पर जोर दिया

# सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

कंडरा में निर्मित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन विशुनपुर विधान सभा के विधायक चमरा लिंडा, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, विधायक प्रतिनिधी शिवराम कच्छप ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा सरना मैदान के समीप निर्मित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन बिशुनपुर विधानसभा के विधायक व जनप्रतिनिधियों द्वारा करते हुए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक चमरा लिंडा ने कहा की सभ्यता एवं सांस्कृतिक को बचाने के लिए महिला पुरुष सहित युवा वर्ग की आवश्यकता है। बताते हुए कहा समुह में दुनिया को जीत सकते है। समूह संगठन के साथ रहकर सभ्यता को बचाना होगा। पहले अभिभावक माता पिता शराब का सेवन कम करते थे लेकीन अपने बच्चो को पढ़ाने के लिऐ भेजते थे। लेकीन आज के समय में युवक सभ्यता कला से दूरी बना रहें है। प्रोटीन आदिवासी समाज को मडूवा और महुआ खाते थे। तो 100 साल जीते थे। अब महुवा को बनाकर पीते है उम्र घट गया है। जिससे परिवार बच्चा का जीवन खत्म हो रहा है आदिवासी हाड़ी पीते थे। लेकीन अब शराब दारू पीते है। जिसे समाज बदनाम हो रहा है। इसलिए इस से बचाव करें। सांस्कृतिक को बचाना है। तो संगीत गीत नृत्य का नाश करो शरीर स्वच्छ रहेगा। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की लाल पाड साड़ी पहन कर शराब न बेचे अपने बच्चो को कम्प्यूटर और सभ्यता कला की शिक्षा दें। मौके पर विधायक चमरा लिंडा,जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रमूख फुलझरी देवी, विधायक प्रतिनिधी शिव राम कच्छप, मनीष उरांव, रघु नाथ महली सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# मैट्रिक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

प्रखंड प्रशाशन एवं महात्मा गांधी पुस्तकालय संचालन समिति घाघरा द्वारा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पुस्तकालय हॉल में आयोजित किया गया। मौके पर मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान एसी सुधीर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों एवं पुस्तकालय समिति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कस्तुरबा विद्यालय, टोटाम्बी, ईचा, हापामुनि, शिवसेरेंग, मॉडल स्कूल, एस एस हाई स्कूल एवं प्लस टू हाई स्कूल घाघरा के 40 छात्र छात्राओं को रजिस्टर एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सुधीर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बर्तमान परिवेश मे शिक्षा का विशेष महत्व है और शिक्षा के प्रति छात्र ही नही अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ी है। आज के समाज मे सभी लोग बेहतर शिक्षा मुहैया कराने को लेकर उनमे रुचि बढ़ी है और इसी का नतीजा है कि घाघरा के छात्र छात्राये मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। मौके पर प्रमुख सविता देवी, बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज, पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष अगस्तीन महेश कुजुर, सचिव अनिरुद्ध चौबे ने भी अपने विचार रखे। सम्मान समारोह के अवसर पर कृष्णा कुमार लोहरा, सोलिटीयर एकेडमी।के चंद्रकांत पाठक, आशीष सोनी, राजेश पांडेय, मीना देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।




## कुडू साप्ताहिक बाजार से फिर बाइक की चोरी

**कुडू।** कुडू के साप्ताहिक बाजारो से बाइक चोरी की घटना थमने का नाम नही ले रहा है। गुरुवार को भी साप्ताहिक बाजार से सब्जी बेचने आये कुडू थानाक्षेत्र के टीको बड़काटोली निवासी महावीर उरांव का हीरो पैसन प्रो बाइक नंबर जेएच 08ई 1799 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने कुडू थानां में आवेदन देकर बताया कि वह कुडू बाजार में सब्जी बेचने अपना बाइक से आया था, बाइक को बजरंग बली मंदिर के पास हेंडिल लॉक कर खड़ा कर सब्जी बेच रहा था, चार बजे जब वह सब्जी बेचकर घर जाने के लिए बाइक लेने पहुचा तो वहाँ बाइक नही था। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नही चला। ज्ञात हो कि कुडू प्रखंड के सप्ताहिक बाजारों से आये दिन बाइक चोरी की घटना लंबे समय से हो रही है। अब तक एक भी बाइक चोर के नही पकड़ाने से चोरों का मनोबल काफी बढ़ गया है। दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है।

# सीडीएससीओ ने एस्ट्राजेनेका की लिवर कैंसर की दवा को भारत में मंजूरी दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया की लिवर कैंसर की दवा ट्रेमेलीमुमैब कॉन्सेंट्रेट को अंतःशिरा में दिए जाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डुरवालुमैब के संयोजन में ट्रेमेलिमुमैब के लिए अनुमोदन तीसरे चरण के नैदानिक परीक्षण के परिणामों पर आधारित है और इसे अनरेक्टेबल हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा के रोगियों के उपचार के लिए संकेत दिया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत, अमेरिका और कनाडा सहित 16 देशों में किए गए परीक्षण ने ट्रेमेलिमुमैब और डुरवालुमैब बनाम सोराफेनीब के संयोजन के लिए समग्र अस्तित्व के लिए सकारात्मक और महत्वपूर्ण लाभ दिखाया। एस्ट्राजेनेका इंडिया के नियामक डॉ. अनिल कुकरेजा ने एक



बयान में कहा, अनपेक्टेबल लिवर कैंसर वाले रोगियों का पूवानुर्मान अक्सर सीमित होता है और निदान में काफी देरी होती है, अधिकांश मामलों में एक उन्नत और अनपेक्षित चरण में निदान किया जाता है। इसलिए, दीर्घकालिक अस्तित्व में सुधार के लिए अच्छे उपचार विकल्प सर्वोपरि हो जाते हैं। तीसरे चरण के परीक्षण में ट्रेमेलिमुमैब 300 मिलीग्राम की एकल प्राइमिंग खुराक शामिल थी, जिसमें ड्यूरवालुमैब 1500 मिलीग्राम जोड़ा गया था, इसके बाद हर चार सप्ताह में डुरवालुमैब बनाम सॉराफेनीब का इस्तेमाल किया गया। इस परीक्षण में कुल 1,324 मरीज शामिल थे, जिनमें अनपेक्टेबल, उन्नत एचसीसी थे, जिनका पूर्व प्रणालीगत उपचार के साथ इलाज नहीं किया गया था और वे स्थानीय चिकित्सा (यकृत और आसपास के ऊतकों के लिए स्थानीयकृत उपचार) के लिए पात्र नहीं थे। ग्लोबोकैन इंडिया 2020 की रिपोर्ट में हर साल हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा (एचसीसी) के 30,000 से अधिक नए स्थानीय मामलों का निदान किया जाता है, जो इसे भारत में कैंसर का 10वां सबसे आम कारण बनाता है। इसकी उच्च मृत्यु दर इसे देश में कैंसर से होने वाली मौतों का आठवां सबसे आम कारण बनाती है। भारत में एचसीसी के सामान्य कारणों और जोखिम कारकों में सिरोसिस, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण, शराब, धूम्रपान, मधुमेह और गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग शामिल हैं।

## एडब्ल्यूएस इंडिया और साउथ एशिया के प्रमुख पुनीत चंडोक ने छोड़ा पद

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) इंडिया और साउथ एशिया के कॉमर्शियल बिजनेस के प्रेसिडेंट पुनीत चंडोक ने कंपनी में अपने पद छोड़ दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि चार साल पहले कंपनी में शामिल हुए चंडोक 31 अगस्त से एडब्ल्यूएस इंडिया से अलग हो रहे हैं। एडब्ल्यूएस इंडिया एंड साउथ एशिया (एआईएसपीएल) के मिड-मार्केट और ग्लोबल बिजनेस की हेड-एंटरप्राइज वैशाली कस्तूर कॉमर्शियल बिजनेस, एडब्ल्यूएस इंडिया और साउथ एशिया कॉमर्शियल बिजनेस के इंटरिम लीडर के रोल को संभाल लिया है। चंडोक ने पिछले महीने देश में क्लाउड सेवाओं के लिए बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने के लिए 2030 तक भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 1,05,600 करोड़ (12.7 बिलियन डॉलर) निवेश करने की योजना की घोषणा की थी।

## एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया प्राइवेट यूनिवर्सिटी रैंकिंग में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी नंबर 1

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) ने एक बार फिर लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज की श्रेणी में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया प्राइवेट यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023-24 में शीर्ष स्थान हासिल किया है। जेजीयू ने पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र, अनुसंधान एवं नवाचार, नेतृत्व, अंतर्राष्ट्रीयता, उद्योग इंटरफेस और फैकल्टी कल्याण एवं विकास सहित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता के मापदंडों पर सर्वोच्च रैंक हासिल किया है। रैंकिंग एक विशेष सर्वेक्षण पर आधारित थी जहां सभी प्रतिभागियों ने चुनिंदा मानदंडों पर



मतदान किया। रैंकिंग में जेजीयू का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि इस वर्ष रैंकिंग संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है। विश्वविद्यालय को पिछले तीन वर्षो से लगातार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में देश के नंबर 1 निजी विश्वविद्यालय के रूप में स्थान दिया गया है। लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज में पहला स्थान प्राप्त करना जेजीयू के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि यह भारत का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जो पूरी तरह से सामाजिक विज्ञान, कला और मानविकी पर केंद्रित है।

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डालटनगंज।
छः मुहान चौक, बड़ी मस्जिद के सामने, थाना रोड, डालटनगंज, ज़िला–पलामू–822101
Ph. No. 06562- 225019, E-mail Id- eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–23.05.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– 1/ RCD/Daltonganj/2023-24/469 आमंत्रित की गई थी, जिसका PR No. 298139 Road Construction Dept Road Division Ranchi (23-24)#D है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 298953 Road(23-24)D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डालटनगंज
छः मुहान चौक, बड़ी मस्जिद के सामने, थाना रोड, डालटनगंज, ज़िला- पलामू-822101
Ph. No. 06562- 225019, E-mail Id- eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक– 23.05.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– 2/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 468 आमंत्रित की गई थी, जिसका PR No. 298136 Road Construction Dept Road Division Ranchi (23-24):D है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 298952 Road (23-24)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 25/2022–23 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR – 293327 Lohardaga (22-23)_D है, के ग्रुप संख्या SVS/LOH-03 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 298997 (Lohardaga)23-24*D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डालटनगंज
छः मुहान चौक, बड़ी मस्जिद के सामने, थाना रोड, डालटनगंज, ज़िला-पलामू–822101
Ph. No. 06562- 225019, E-mail Id- eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–23.05.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0–4/ RCD/Daltonganj/2023-24/466 आमंत्रित की गई थी, जिसका PR No. 298140 (Road Construction Dept Road Division Ranchi)23-24*D है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR.NO.298954 Road(23-24):D

---

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम, 50 (पचास) बेड के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, पलामू को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में दिनांक 24/06/2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति ब्लॉक A में उपायुक्त, पलामू के सभा कक्ष में दिनांक 27/06/2023 को 03:30 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

**नोट** :– उपरोक्त इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी पलामू जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.298945 Palamu(23-24):D

---

### कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06/2023–24**

विज्ञापन दाता का नाम :– प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 21.06.2023 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर परिशद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 के अपराह्न 5.00 बजे।
कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of RCC Culvert (1) Near Powerganj chowk ward No - 03, (2) Chhatar bagicha More ward No- 21, (3) Near Madhya vidyalay Powerganj ward No-08, (4) Near Kartik Kujur House ward No-04, (5) Near Umesh Ram House ward No-05, (6) Near Veer Shivaji Chowk ward no - 13 Under Nagar parishad Lohardaga | 7,56,414.00 | 15200.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 2. | Construction of RCC culvert near Anganbari Kendra and Pound in Ward No. 23 | 3,17,800.00 | 6400.00 | 1000.00 + 18% GST | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्ते नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 298981 Lohardaga (23-24)_D

---

### कार्यालय–जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट

**फलों को तोड़ने की पुनः निलामी/बंदोबस्ती सूचना**
**वर्ष 2023–24**

राजकीय कृषि प्रक्षेत्र, नेतरहाट के नाशपाति एवं नख फलबाग से सेक्टरवार नीचे दिये गये नाशपाती एवं नख फलों को तोड़ने की पुनः निलामी/बंदोबस्ती **दिनांक 09.06.2023** को पूर्वाहन 11.00 बजे उप निदेशक रसायन (अतिरिक्त प्रभार संयुक्त कृषि निदेशक, पलामू) कृषि निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय कक्ष, कृषि भवन कांके रोड राँची–8 में संयुक्त कृषि निदेशक, पलामू की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों के समक्ष किया जायेगा। जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से **दिनांक 08.06.2023 तक कार्यावधि में आवदेन** आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र० सं0 | सेक्टर न० | नासपाती /नाख फल वृक्षों की संख्या | कुल फलों की अनुमानित मात्रा (क्विंटल में) | निलामी का सरकारी मानक दर की राशि | जमानत की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | III डंकन प्रक्षेत्र पश्चिमी भाग | 2684 | 2427.36 | 27,01000/– | 50,000/– |
| 2 | IV डंकन प्रक्षेत्र पूर्वी भाग | 2336 | 3408.05 | 23,01000/– | 50,000/– |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यावधि में जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट से अनुमति प्राप्त कर फलबाग देख सकते हैं। फलों को तोड़ने की निलामी/बंदोबस्ती की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–

1. प्रत्येक सेक्टर के सामने अंकित जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो **DISTRICT FARM MANAGER, NETARHAT** के पदनाम से देय होगा तथा भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा, राँची में भुगतेय होगा। निलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रखी जायेगी और अन्य असफल व्यक्तियों की जमानत की राशि निलामी के समाप्ति के बाद वापस कर दी जायेगी ।
2. **निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड, निलामी प्रकिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप में प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे ।**
3. **निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधी सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपथ पत्र मूल रूप में निलामी के पूर्व जमा करना होगा ।**
4. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को **दिनांक 09.06.2023** को फलों की बन्दोबस्ती का एकरारनामा करना होगा तथा अधिकतम निलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट के पदनाम से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, मुख्य शाखा, राँची पर भुगतेय होगा को **दिनांक 15.06.2023** तक जमा करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा निलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ बन्दोवस्ती करने के लिए अधोहस्ताक्षरी को अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. प्रथम फल तोड़ने के पूर्व निलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को फलों की देखभाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वंय का होगा, जो प्रक्षेत्र के कार्यो के अनुरूप कार्य सम्पादन करेंगे।
7. फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षति ग्रस्त न होने पाये, यदि क्षति हुई तो निलामी लेने वाले व्यक्ति से पौधा की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा ।
8. सरकार के हित में यदि निलामी का राशि सरकारी मानक दर से कम आता है तो निलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर निलामी की जायेगी ।
9. निलामी के बीच की बोली 10,000.00 (दस हजार) से नीचे अनुमान्य नहीं होगा।
10. निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों/सदस्यों/आवेदनकर्त्ताओं को कोविड–19 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा तथा एक आवेदनकर्ता का सिर्फ एक ही सदस्य निलामी प्रक्रिया में भाग लेगा।
11. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये निलामी/बंदोबस्ती की शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते हैं ।

ह/–
जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट

PR 298923Agriculture(23-24)#D

---

### Office Nagar Parishad, Lohardaga

**Notice Inviting Short Tender**

e-Tender Reference No. 05/2023-24 Date- 02-06-2023

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of Drain Near Vasudev Oraon House (Behind Civil court) at W.N- 06 & construction of PCC Road Near Vasudev Oraon House (Behind Civil court) at W.N- 06 & construction of Septic tank with fittings Near Judge Colony (Behind SDO Office) at W.N- 06. | 19,11,607.00 | 38,250.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of RCC drain with slab From Hanuman Mandir to Barwatoli Chowk(524') at W.N. -19 & Construction of RCC drain with slab Near Kartik Kujur House (Near Block more Pull 100') at W.N. -04. | 21,85,673.00 | 43,750.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of RCC drain with slab from Ajay Udhayan to town hall and near Lalit Narayan Stadium at Ward No. 15. | 24,71,361.00 | 49,500.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Last date for submission of tender fee and earnest money. | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 05-06-2023 Time 10:30 AM | N.P. Lohardaga 22-06-2023 up to 3:00 P.M. | Bid downloading Date-05-06-2023 Time 11:00 A.M To Date 21-06-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 05-06-2023 Time 11:30 P.M To Date 21-06-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 22-06-2023 Time 05:00 P.M |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 298984Lohardaga(23-24)#D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 25/2022–23**
**PR No. 293327 का द्वितीय आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 03.06.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 12.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 13.06.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :– **Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.**

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों/योजना की संख्या | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra | 1 | 9/9 | 227 | SVS/LOH-03 | 90,73,350.00 | 1,81,500.00 | 10,000.00 | 05 months |

नोट :
1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR298993 (Lohardaga)23-24*D

---

### जिला राजस्व शाखा, चतरा
**थंडरस्टोर्म और लाइटनिंग : क्या करें और क्या न करें, से संबंधित प्रचार–प्रसार करने हेतु (आउटडोर)**

**करने योग्य**

- बाहरी गतिविधियों में भाग लेने से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जाँच करें। यदि आप आंधी और बिजली देखते हैं, तो 30 मिनट के लिए घर के अन्दर रहें।
- प्रतिकूल मौसम के दौरान विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने मवेशियों को चराने, मछली पकड़ने और नाव चलाने या सामान्य रूप से घर से बाहर न निकलें, यात्रा करना। जब गर्जना गरजे तो सुरक्षित आश्रय के अंदर रहें। मेटल शीटिंग के साथ मेटल स्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन से बचें। सुरक्षित आश्रयों में घर कार्यालय शामिल हैं, शॉपिंग सेंटर और हार्ड–टॉप वाहन जिनकी खिड़कियां लुढ़की हुई है।
- अगर आप बाहर फंसे हुए हैं और पास में कोई सुरक्षित आश्रय नहीं है, तो तुरन्त वहां पहुंचें पहाड़ियों, पर्वत श्रृंखलाओं या चोटियों जैसे ऊचे क्षेत्रों से दूर रहें।
- यदि आप किसी खुले क्षेत्र में फंस गये हैं, तो तुरंत वहां से खुद को खतरे से हटाने की कार्रवाई करें।
- आदेर्श रूप से निचले इलाके में एक आश्रय खोजें और सुनिश्चित करें कि जगह चुने जाने के बाढ़ आने की संभावना नहीं हो।
- झुनझुनी के साथ आपकी गर्दन के पीछे खड़े बाल संकेत कर सकते हैं वह बिजली आसन्न है।
- तलाबों, झीलों और अन्य पानी से तुरंत बाहर निकलें और दूर रहें निकायों।
- बिजली का संचालन करने वाली सभी उपयोगिता लाइनों और वस्तुओं से दूर रहें (टेलीफोन बिजली, मानसिक बाड़, ओवरहेड तार, रेल–सड़क की पटरियां, पवन चक्कियां आदि) पेड़ और पहाड़ी की चोटी।
- रबर–सोल वाले जूते और कार के टायर बिजली गिरने से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं। यदि आप आंधी के दौरान एक समूह में हैं तो पर्याप्त दूरी बनाये रखें, जोखिम कम करने के लिए।

**क्या न करें**

- प्रतिकूल मौसम के दौरान विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने, मवेशी चराने, मछली पकड़ने और नाव चलाने के लिए बाहर न जाएं। यदि आप वन क्षेत्र में हैं तो छोटे और बौने वृक्षों के नीचे आश्रय लें।
- बिजली या टेलीफोन के खंभे या पेड़ों के नीचे शरण न लें। ये बिजली को आकर्षित करते हैं।
- धातु की वस्तुओं का उपयोग न करें और बाइक, बिजली या अन्य चीजों से दूर रहें। टेलीफोन के खंभे, तार की बाड़, मशीन आदि।
- यदि आप खुले मैदान/आउटडोर में काम कर रहे हैं और आपके पास सुरक्षित स्थान पर आश्रय लेने का समय पर्याप्त नहीं है, गेंद जैसी टक करके और जमीन के साथ न्यूनतम सी के साथ अपने कानों पर हाथ रखें और अपने आप को एक छोटा लक्ष्य बनाएं।
- बिजली चमकने के दौरान कभी भी मोबाईल फोन का इस्तेमाल न करें।
- लोहे की छड़ वाले छाते का प्रयोग न करें।

अपर समाहर्त्ता,
चतरा

PR 299053 (Revenue)23-24*D

# 'अति गरीबी' अतीत की बात?

***प्रधानमंत्री*** मोदी ने राजस्थान के अजमेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया है कि भारत में 'अति गरीबी' खत्म होने के बहुत निकट है। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' के नारे पर चुनाव जीत लिया था। देश में गरीबी 2023 में भी है। क्या प्रधानमंत्री के कथन पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए? प्रधानमंत्री मोदी के बयान का घोर विरोधाभास यह है कि आज भी करीब 22 करोड़ भारतीय 'गरीबी रेखा' के तले बताये जाते हैं। भारत सरकार कोई अधिकृत आंकड़ा देने की बजाय छिपाती रही है। वैसे 2022-23 के दौरान गरीब की जनगणना जारी है। कुछ आंकड़े सार्वजनिक भी हो सकते हैं, लेकिन यह जनगणना 2024 तक चलेगी। तब तक आम चुनाव हो चुके होंगे और नई सरकार बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी होगी। भारत में गरीबी के वे आंकड़े सामने हैं, जो आवधिक श्रम बल सर्वे के जरिये सार्वजनिक हुए हैं या संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम अथवा सीएमआईई सरीखे पेशेवर संगठनों की रपटों ने उद्घाटित किए हैं। गरीबी-रेखा के तले जीने वालों की संख्या अधिक होनी चाहिए, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद ही 5.60 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे चले गए हैं।

**प्रधानमंत्री के कथन से इतर आज भी करीब 22 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के तले बताए जाते हैं। 50 फीसदी महिलाओं में खून की कमी है। 6-23 माह की उम्र के सिर्फ 11 फीसदी बच्चों को ही पूरा भोजन नसीब है।**

हालांकि दावा किया जाता रहा है कि बीते 20 सालों में करीब 40 करोड़ लोगों को गरीबी-रेखा के बाहर लाया गया है। यानी इतने देशवासियों की औसत आमदनी में बढ़ोतरी कराई गई है, लेकिन सर्वे और रपटों के सच ये हैं कि भारत में 50 फीसदी आबादी की औसतन मासिक आय 5000 रुपये से कम है। यानी 170 रुपये रोजाना भी नहीं है। करीब 50 फीसदी लोगों की औसतन सालाना आय 53,610 रुपये है। देश में करीब 43 करोड़ श्रमिक हैं। उनमें आधे से कम को ही नियमित रोजगार नसीब है। देश की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है और विश्व में सर्वाधिक है, लेकिन करीब 41.01 करोड़ लोग ही 'नौकरीपेशा' हैं। यह संख्या घट रही है और बेरोजगारी की दर बढ़ कर 8 फीसदी को पार कर चुकी है। आंकड़ों में पूर्वाग्रह भी संभव हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का मानना है कि 18 फीसदी आबादी अब भी गरीब है। यदि इन संक्षिप्त विवरणों का विश्लेषण किया जाए, तो 'अति गरीबी' के समापन की संभावनाओं पर बड़े-बड़े सवाल दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री एक मोटा-सा खाका देश के सामने पेश कर सकते थे कि 'अति गरीबी' चरणबद्ध तरीके से कैसे खत्म हो सकती है। अभी तो व्यापक फासले और गहरी खाइयां हैं। भारत में मात्र एक फीसदी अमीर ऐसे भी हैं, जिनके पास देश की कमाई का 22 फीसदी से ज्यादा हिस्सा है। इस जमात की औसत आय 63.5 लाख रुपये है। देश में खरबपतियों की संख्या 160 से ज्यादा हो गई है, लेकिन इसी देश में 50 फीसदी महिलाओं में 'खून की कमी' है। औसतन 6-23 माह की उम्र के सिर्फ 11 फीसदी बच्चों को ही पूरा भोजन नसीब है। शेष कुपोषित और बीमार हैं। बालिग उम्र की 35 फीसदी आबादी को ही नियमित काम उपलब्ध है। शेष दिहाड़ीदार, मजदूर और अनियमित कामगार हैं। इसमें मनरेगा की जमात भी शामिल है, जिसे मजदूरी भी समयानुसार और नियमित नहीं मिलती। इन विरोधाभासों को क्या कहेंगे? बेशक यह खबर सुखद है कि 2022-23 में हमारी आर्थिक विकास दर 7.2 फीसदी रही है। विश्व में यह सबसे अधिक और तेज विकास दर है, लेकिन सवाल है कि इस विकास और अर्थव्यवस्था के विस्तार का फायदा देश के आम आदमी तक क्यों नहीं पहुंचता, ताकि उसकी गरीबी कम हो सके? बहरहाल प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है, तो देश इंतजार करेगा।

# सस्ता व सुलभ साधन है साइकिल





रमेश सर्राफ धमोरा

***तीन*** जून 2018 को पहली बार विश्व साइकिल दिवस मनाया गया था। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाता है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराये पर भी साइकिलें मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। अस्सी के दशक में शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरूआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गये लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है। अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली

**आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी।**

**इन दिनों**

कीमती साइकिल बाजार में आ गई हैं। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिलें ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोगों के साथ सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गये अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी। तीन साल पहले विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कम्पनी एटलस बंद हो गई थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्टरी बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोग बेरोजगार हो गये। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निर्माता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी। अमेरिका के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट स्टोर में भी एटलस की साइकिलें बेची जाती थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। इससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है। अब समय आ गया है कि शहर एवं गांवों में साइकिल चालन को एक बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने का। ताकि बढ़ते प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सके। शहरों में समर्पित साइकिल मार्गों का निर्माण किया जाना चाहिये।

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुनें माता गायत्री की कथा*

***यदि*** गायत्री को सिद्ध कर लिया जाये तो यह कामधेनू (इच्छा पूरी करने वाली दैवीय गाय) के समान है। जैसे गंगा शरीर के पापों को धो कर तन मन को निर्मल करती है उसी प्रकार गायत्री रूपी ब्रह्म गंगा से आत्मा पवित्र हो जाती है। गायत्री को सर्वसाधारण तक पहुंचाने वाले विश्वामित्र कहते हैं कि ब्रह्मा जी ने तीनों वेदों का सार तीन चरण वाला गायत्री मंत्र निकाला है। गायत्री से बढ़कर पवित्र करने वाला मंत्र और कोई नहीं है। जो मनुष्य नियमित रूप से गायत्री का जप करता है वह पापों से वैसे ही मुक्त हो जाता है जैसे केंचुली से छूटने पर सांप होता है।

*(समाप्त)*

### *आईये सुने माता बगलामुखी की कथा*

**काली तारा महाविद्या षोडसी भुवनेश्वरी।**
**बाग्ला छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा।।**
**मातंगी त्रिपुरा चैव विद्या च कमलात्मिका।**
**एता दश महाविद्या सिद्धिदा प्रकीर्तिता।।**

मां बगलामुखी जयंती के दिन उनकी पूजन करने वाले साधक को संसार के हर कष्ट से मुक्ति मिलती है। उनकी पौराणिक कथा का श्रवण करने से हजारों पापों का नाश होता है। मां देवी बगलामुखीजी के संदर्भ में एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार सतयुग में महाविनाश उत्पन्न करने वाला ब्रह्मांडीय तूफान उत्पन्न हुआ जिससे संपूर्ण विश्व नष्ट होने लगा। इससे चारों ओर हाहाकार मच जाता है और अनेक लोग संकट में पड़ जाते हैं और संसार की रक्षा करना असंभव हो जाता है। यह तूफान सब कुछ नष्ट-भ्रष्ट करता हुआ आगे बढ़ता जा रहा था जिसे देखकर भगवान विष्णुजी चिंतित हो गये। इस समस्या का कोई हल न पाकर वे भगवान शिव का स्मरण करने लगे। तब भगवान शिव उनसे कहते हैं कि शक्ति के अतिरिक्त अन्य कोई इस विनाश को रोक नहीं सकता अतः आप उनकी शरण में ही जायें।

*(क्रमशः)*

# धनाढ्य प्रवासी भारतीय व राहुल गांधी की ओछी सियासत



कमलेश पांडेय

***पिछले*** तीन दशकों में भारतीय राजनीति में दो महत्वपूर्ण बदलाव महसूस किये जा रहे हैं। इन्हें नई आर्थिक नीतियों का राजनीतिक साइड इफैक्ट्स कहा जा सकता है। पहला, नेताओं व उनके भरोसेमंद कार्यकर्ताओ के बीच विश्वास दिन ब दिन घटता जा रहा है और ग्लोबल-नेशनल पीआर एजेंसी इस जगह को तेजी से भरती जा रही हैं। दूसरा, राजनेताओं और नौकरशाहों की अंदरुनी सांठगांठ औद्योगिक घरानों व कारोबारियों से बढ़ती जा रही है और उनके मनमाफिक कानून बदले जा रहे हैं। देखा जाय तो इन दोनों घटनाओं की वजह से समाजवादी लोकतंत्र, कब पूंजीवादी लोकतंत्र में तब्दील हो गया, पता ही नहीं चला! आहिस्ता-आहिस्ता यह प्रक्रिया और तेज ही होती जा रही है, जिससे पढ़े-लिखे और पैसे वाले लोगों के बजाय आम आदमी के हित ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, नकारात्मक अर्थों में। जिस हिसाब से व्यक्ति विशेष के खर्चे बढ़े हैं, उत्तरदायित्व बढ़ रहे हैं, आमदनी बिल्कुल नहीं। बदलते राजनीतिक माहौल में देश व समाज में पैसे को सर्वोच्च तरजीह दी जा रही है तथा जो लोग पैसे से पैसा और पावर से पैसा बनाने की कला में निपुण हैं, उनकी हर जगह पर पूछ बढ़ती जा रही है। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में धनाढ्य प्रवासी भारतीयों की पूछ हर दल में बढ़ी है, लेकिन उन्हें अपनाने के चक्कर में ओछी राजनीति भारतीय राजनेताओं के द्वारा की जा रही है। सच कहूं तो विदेश की धरती से बयानबाजी सम्बन्धी जो गलतियां की जा रही हैं, उससे केंद्रीय मंत्रीगण भी बिफर पड़े हैं। इससे भारत और भारतीयों का भी चिंतित होना स्वाभाविक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेरिका से दिये गये 'लक्षित बयानों' से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी बट्टा लगा है। यह सार्वजनिक चिंता का विषय है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जैसे बहुमत के चक्कर में हमारे राजनेताओं ने देश के भीतर जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र आदि के आधार पर विभेद परोसकर अपने-अपने मजबूत समर्थक वर्ग तैयार कर लिए हैं, उसी प्रकार से ये विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों को पटाना चाहते हैं, ताकि बैक चैनल से या डायरेक्ट उनकी वित्तीय मदद मिलती रहे। राहुल गांधी धर्मनिरपेक्षताग और तुष्टीकरण की आड़ में प्रवासी भारतीयों के एक बड़े वर्ग को अपने साथ साधना चाह रहे हैं, ताकि उनके मिशन 2024 को बल मिले। यहां पर यह याद दिलाना जरूरी है कि विदेशों में कभी तिरंगा का अपमान करने, कभी भारतीय दूतावास पर विरोध प्रदर्शन करने, कभी हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान करने, कभी फिल्मों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने या उनके पक्ष में रैलियां निकालने के जो प्रायोजित कार्यक्रम होते हैं, उसके पीछे स्थानीय संगठनों और चर्चित पीआर एजेंसियों की भूमिका जगजाहिर है। ऐसे ही लोग विभिन्न संगठनों के बैनर तले भारतीय नेताओं के कार्यक्रम आयोजित करवाते हैं और अपने सही-गलत दोनों इरादे की पूर्ति करते हैं। इसलिए आशंका है कि यहां उठने वाले मुद्दे भी ग्लोबल पीआर एजेंसी ही सुझाती होंगी। कोढ़ में खाज यह कि अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन जैसे देशों में ऐसा हो रहा है। कांग्रेस नेता

**राहुल गांधी के अमेरिका से दिये गये 'लक्षित बयानों' से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी बट्टा लगा है। यह सार्वजनिक चिंता का विषय है।**

**राजनीति**

राहुल गांधी के घृणा सम्बन्धी बयान की सोशल मीडिया से लेकर विदेशी धरती तक आलोचना हो रही है। 'कानूनी नफरत' के बाजार में 'तुष्टीकरण वाले प्रेम' की एक और दुकान खोलने के बाद 'तथाकथित बढ़ती घृणा' को बेचकर सियासी सहानुभूति खरीदने की ललक लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए' के 'मोहब्बत की दुकान' कार्यक्रम में भाजपा पर जमकर हमले किये।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# भारत के स्वराज्य का उद्घोष है श्रीशिवराज्यभिषेक



लोकेन्द्र सिंह

***छत्रपति*** शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक एवं हिन्दू साम्राज्य की स्थापना का 350वां वर्ष पहली जून से शुरू हो गया है। यह दिन बहुत पावन है। इसी के साथ 'हिन्दवी स्वराज्य' की स्थापना का 350वां वर्ष प्रारंभ हो गया। विक्रम संवत 1731 में इसी तिथि, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को स्वराज्य के प्रणेता एवं महान हिन्दू राजा श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक और हिन्दू पद पादशाही की स्थापना से भारतीय इतिहास को नई दिशा मिली। कहते हैं कि यदि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म न होता और उन्होंने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना न की होती, तब भारत अंधकार की दिशा में बहुत आगे चला जाता। महान विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय समाज का आत्मविश्वास निचले तल पर चला गया। अपने ही देश में फिर कभी हमारा अपना शासन होगा, जो भारतीय मूल्यों से संचालित हो, लोगों ने यह कल्पना करना ही छोड़ दिया। तब शिवाजी महाराज ने कुछ वीर पराक्रमी मित्रों के साथ 'स्वराज्य' की स्थापना का संकल्प लिया और अपने कृतित्व एवं विचारों से जनमानस के भीतर भी आत्मविश्वास जगाया। गोविन्द सखाराम सरदेसाई अपने पुस्तक 'द हिस्ट्री ऑफ द मराठाज-शिवाजी एंड हिज टाइम' के वॉल्यूम-1 के पृष्ठ 97-98 पर लिखते हैं- 'मुस्लिम शासन में घोर अन्धकार व्याप्त था। निजाम शाह ने जिजाऊ मां साहेब के पिता, उनके भाइयों और पुत्रों की खुलेआम हत्या कर दी। बजाजी निंबालकर को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया। अनगिनत उदाहरण उद्धृत किये जा सकते हैं। हिन्दू सम्मानित जीवन नहीं जी सकते थे'। ऐसे दौर में मुगलों के अत्याचारी शासन के विरुद्ध शिवाजी महाराज ने ऐसे साम्राज्य की स्थापना की जो भारत के 'स्व' पर आधारित था। उनके शासन में प्रजा सुखी और समृद्ध हुई। धर्म-संस्कृति फिर से पुलकित हो उठी। हिन्दवी स्वराज्य 350 वर्ष के बाद भी प्रासंगिक है क्योंकि वह जिन आदर्शों पर खड़ा था, वे सार्वभौगिक और कालजयी हैं। हिन्दवी स्वराज्य की चर्चा इसलिए भी प्रासंगिक है क्योंकि संयोग से केंद्र में आज ऐसी शासन व्यवस्था है, जो भारत को उसके 'स्व' से परिचित कराने के लिए कृत-संकल्पित है। प्रसिद्ध इतिहासकार जदुनाथ सरदार के अनुसार- 'शिवाजी के राजनीतिक आदर्श ऐसे थे कि हम उन्हें आज भी लगभग बिना किसी परिवर्तन के स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने अपनी प्रजा को शांति, सार्वभौमिक सहिष्णुता, सभी जातियों और पंथों के लिए समान अवसर, प्रशासन की एक लाभकारी, सक्रिय और शुद्ध प्रणाली, व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक नौसेना और मातृभूमि की रक्षा के लिए एक प्रशिक्षित सेना देने का लक्ष्य रखा'। यदि हम वर्तमान मोदी सरकार की शासन व्यवस्था के सिद्धांतों को देखें, तो उसके केंद्र में भी लगभग यही विचार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार यह उल्लेखित करते हैं कि उनकी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र को लेकर चल रही है। शिवाजी महाराज ने राज्य को 'स्व' का आधार देते हुए भारत केंद्रित नीतियों को बढ़ावा दिया, जैसे- फारसी और

**विक्रम संवत 1731 में इसी तिथि, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को स्वराज्य के प्रणेता श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक व हिन्दू पद पादशाही की स्थापना से भारतीय इतिहास को नई दिशा मिली।**

**देश-दुनिया**

अरबी को हटाकर स्वभाषा का प्रचलन, विदेशी मुद्रा की जगह स्वराज्य की नई मुद्रा शुरू करना, किसानों और सरकार के बीच से बहुत समय से प्रचलित आढ़ती व्यवस्था को हटाकर राजस्व संग्रह करने के लिए रैयतवाडी व्यवस्था प्रारंभ की, सीमा सुरक्षा के नये प्रबंध, विदेश नीति में बदलाव, राज्य व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अष्टप्रधान मंडल की व्यवस्था, सैन्य सशक्तिकरण पर जोर और मुगलों की अन्य व्यवस्थाओं को ध्वस्त करके नयी व्यवस्थाएं खड़ी करना।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दूध संग्रहण केन्द्र से गाय पालन के प्रति बढ़ी रुचि, आएगी आर्थिक समृद्धि



गांव-गांव में दुग्ध संग्रहण केन्द्र खुलने से पशुपालन करने वाले किसानों की रुचि गाय पालन की ओर बढ़ रही है। पहले किसान दूध का उचित मूल्य नहीं ले पाते थे। वे किसी निजी व्यक्ति के अलावा होटलों, रेस्टोरेंट में कम कीमत पर बेचते थे परंतु अब दुग्ध संग्रहण की सुविधा मिलने पर 47 रुपये प्रति लीटर तक का कमाई कर रहे हैं। यही कारण है कि किसान गाय पालन कर आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहे हैं। सरकार के बढ़ते कदम के साथ जिला प्रशासन अनुदान राशि पर गाय पालन के लिए गाय उपलब्ध करा रहा है, ताकि गांव से लोगों का पलायन रुके और गांव के किसान आत्मनिर्भर बन सकें। अब पशुपालक अपने दुधारू पशुओं से खूब धनार्जन कर रहे हैं। यही कारण है कि हर साल समितियों के प्लांट पर दूध संग्रह बढ़ रहा है। एक-एक किसान आठ हजार से 15 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी कर रहे हैं।

पड़री के पुतरिहा गांव के पशुपालक रमाशंकर बिंद बताते हैं कि वर्तमान में एक गाय और एक भैंस हैं। दूध बेचने से प्रति माह लगभग दस हजार रुपये की बचत हो जाती है। दूध बेचकर परिवार का पालन-पोषण आसानी से हो जाता है। इसी प्रकार टौंगा गांव के पशुपालक गुलाब बताते हैं कि घर में तीन गाय हैं। गायों के दूध को बेचकर धनार्जन हो जाता है। दूध बेचने से प्रतिमाह 7500 रुपये के लगभग आमदनी हो जाती है। दूध के पैसे से आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। परिवार का निर्वहन करने में सुविधा हो रही है।

जनपद की लगभग 25 लाख आबादी में एक महीने में 35 हजार टन से अधिक दूध की खपत है। जबकि उत्पादन लगभग 30 हजार टन प्रतिमाह है। जिले में पंजीकृत 98 में से 88 समितियां सक्रिय हैं। इनके माध्यम से शास्त्री पुल स्थित प्लांट पर लगभग 3568 लीटर दूध प्रतिदिन पहुंचता है। हालांकि प्लांट में पांच हजार लीटर दूध संग्रह की क्षमता है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में 90 हजार 265 दुधारू पशुओं से 30 हजार टन दूध का उत्पादन हो रहा है। हालांकि जिले में 35 हजार टन से अधिक के दूध की खपत है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

प्रत्येक व्यक्ति को पीना चाहिए 300 एमएल दूध

कई लोगों को दूध पीना पसंद नहीं होता है, लेकिन दूध से हमें बड़ी मात्रा में कैल्शियम मिलती होती है। डा. टीएन द्विवेदी ने बताया कि दूध हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है। प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में लगभग 300 मिलीलीटर दूध पीना चाहिए।

पांच रुपये प्रति लीटर की हुई बढ़ोत्तरी

दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक राजेश सोनकर ने बताया कि पिछले वर्ष दूध 42 रुपये की दर से बिक्री हुई थी। इस वर्ष पांच रुपये प्रति लीटर वृद्धि होने से अब 47 रुपये में बिक्री की जा रही है। वहीं खुले बाजार में दुधियों द्वारा 40 से 50 रुपये प्रति लीटर की दर से दूध की बिक्री की जा रही है।

37 लाख रुपये का भुगतान बकाया

शास्त्री पुल स्थित दुग्ध संघ को आपूर्ति करने वाले दुग्ध उत्पादक समितियों का लगभग 37 लाख रुपये भुगतान लंबित है। पंजीकृत 98 समितियों में से वर्तमान में 88 समितियां दूध की आपूर्ति कर रही हैं। इनसे 4200 पशुपालक जुड़े हुए हैं।

# फूलों से जीवन की बगिया महका रहे हैं किसान

**फूलों की खेती से आत्मनिर्भर होकर कई लोगों को मिल रहा रोजगार**



फूलों की सुगंध हर किसी को अच्छी लगती है लेकिन यही सुगंध अगर किसी के आमदनी का जरिया बन जाए तो वह जीवन में खुशियों के रंग भरने वाला लगता है। ऐसा ही माध्यम रायबरेली में फूलों की खेती करके कई किसान परिवार में महक और आर्थिक समृद्धि का वाला बन गया है। ये किसान इससे अपनी घर गृहस्थी न केवल बखूबी चला रहे हैं बल्कि कइयों को रोजगार भी मुहैया करा रहे हैं।

ऊंचाहार क्षेत्र में कंदरावन, खरौली और जमुनापुर के करीब 20 परिवार इन दिनों फूलों की खेती करके अच्छी कमाई कर रहे हैं। कंदरावन के सुरेश सैनी करीब दो बीघे में गेंदा, गुलाब आदि फूलों की खेती कर रहे हैं व प्रायगराज तक उनके उत्पाद की बिक्री होती है। वह दो लाख रुपये साल फूल बेचकर बचा लेते हैं।

शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती गांव के रहने वाले सूरज मौर्या बताते हैं कि तीन वर्ष पूर्व उन्होंने अपने बहनोई से प्रेरित होकर गांव के किनारे स्थित अपने खेत में पांच बिस्वा में फूलों की खेती की शुरूआत की थी। विगत तीन वर्षों से वे गेंदा, गुल्दावरी की खेती करके एक फसल में 20 से 25 हजार रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फूलों की खेती से परिवार की जीवनशैली बदल गई है। सबसे अच्छी बात है कि फूलों की खेती में जब फूल टूटने शुरू होते हैं आमदनी होनी शुरू हो जाती है। रोज फूलों की बिक्री होने से पास में हमेशा नकद धनराशि बनी रहती है जिससे खेती-बाड़ी का खर्च निकल आता है और बचत के साथ ही घरेलू खर्च चलता रहता है। उन्होंने बताया कि फूलों की खेती से घर-गृहस्थी के साथ ही उनकी खेती-बाड़ी आसान हो गई है।

सूरज मौर्या का कहना है कि आगे चलकर वृहद स्तर पर फूलों की खेती करेंगे। जरूरत पड़ी तो खेती लीज पर लेकर गेंदा, गुल्दावरी के साथ ही गुलाब, ग्लेडियस, रजनीगंधा की खेती की शुरूआत करेंगे।

# आम के साथ भूलकर भी ना खायें ये चीजें

लोग आम से कई तरह के व्यंजन तैयार करते हैं। कुछ लोगों को मैंगो शेक पसंद होता है तो कुछ मैंगो फिरनी खाना पसंद करते हैं। लेकिन आम खाने के बाद कुछ फूड्स को खाने से सेहत पर दुष्प्रभाव होते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आम खाने के बाद कौन सी चीजें नहीं खाना चाहिए। गर्मियों में मौसम में आम खाने का इंतजार सबको रहता है। इसे फलों का राजा ऐसे ही नहीं कहा जाता है। लोग आम से कई तरह के व्यंजन तैयार करते हैं। कुछ लोगों को मैंगो शेक पसंद होता है तो कुछ मैंगो फिरनी खाना पसंद करते हैं। लेकिन आम खाने के बाद कुछ फूड्स को खाने से सेहत पर दुष्प्रभाव होते हैं।

**दही :** बहुत से लोग उनके साथ दही मिलाकर खाते हैं। लेकिन इससे आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है। आम के साथ या तुरंत बाद दही खाने से पेट और त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है। दरअसल, आम गर्म होता है और दही ठंडा, ऐसे में इसके मिश्रण से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव होता है।

**पानी :** अगर आप आम खान के तुरंत बाद पानी पीते हैं तो ऐसा करना छोड़ दें। आपकी यह गलती आपको भारी पड़ सकती है। आम खाने के बाद पानी पीने से सेहत को नुकसान हो सकता है। इससे पेट दर्द, अपच, पेट फूलना और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आम खाने के आधे घंटे तक पानी न पिएं।

**कोल्ड ड्रिंक :** वैसे तो कोल्ड ड्रिंक पीना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है। लेकिन आम खाने के तुरंत बाद कोल्ड ड्रिंक पीने से सेहत बिगड़ सकती है। आम और कोल्ड ड्रिंक दोनों में ही शुगर की अधिक मात्रा होती है। ऐसे में आम खाने के बाद कोल्ड ड्रिंक पीने से स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है।




**करेला :** वैसे तो शायद ही ऐसा कोई होगा जो आम खाने के बाद करेला खाए। लेकिन ऐसा करना आपके लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है। आम खाने के तुरंत बाद करेला खाने से पेट में एसिडिटी बढ़ने लगती है। ऐसे में उल्टी मतली और सांस संबधी दिक्कत पैदा हो सकती है।

**मसालेदार भोजन :** आम खाने के तुरंत बाद मसालेदार भोजन खाने से बचें। इससे आपके चेहरे पर पिंपल हो सकते हैं। इससे पेट में गर्मी बढ़ जाती है, जिससे चेहरे पर एक्ने की समस्या हो सकती है।

❖ प्रिया मिश्रा

# हीमोफीलिया क्या है, इसके लक्षण कारण व उपचार

हीमोफीलिया एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें शरीर के किसी हिस्से से रक्तस्राव होने लगता है रक्त का थक्का नहीं जम पाता। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इस बीमारी का कारण एक रक्त प्रोटीन की कमी होती है, जिसे 'क्लॉटिंग फैक्टर' कहा जाता है। क्या चोट लगने या कट जाने पर आपका खून लगातार बहता रहता है और वह जल्दी नहीं जमता, तो यह स्थिति खतरनाक हो सकती है और इसका कारण होता है हीमोफीलिया नामक स्वास्थ्य स्थिति। हालांकि यह दुर्लभ है, लेकिन बहुत खतरनाक है। इसलिए इस बीमारी के बारे में हर किसी को जानकारी होनी चाहिए।




## क्या है हीमोफीलिया?

हीमोफीलिया एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें शरीर के किसी हिस्से से रक्तस्राव होने लगता है रक्त का थक्का नहीं जम पाता। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इस बीमारी का कारण एक रक्त प्रोटीन की कमी होती है, जिसे 'क्लॉटिंग फैक्टर' कहा जाता है। इस फैक्टर की वजह से ही जब खून बहता है तो थोड़ी देर में वह उसका थक्का जमाकर बहने से रोक देता है। इसके अलावा रक्त में थ्राम्बोप्लास्टिन की कमी से भी खून लगातार बहता रहता है। ऐसी स्थिति में चोट या खरोंच लगने पर तुरंत उपचार की जरूरत होती है, यदि ऐसा न किया जाए तो यह स्थिति जानलेवा भी साबित हो सकती है। यदि शरीर के किसी अंदरूनी हिस्से या नाजुक अंग से रक्तस्राव होने लगे तो मरीज की जान भी जा सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह रोग महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक होती है।

## हीमोफीलिया के लक्षण

- सामान्य या गंभीर चोट लग जाने के बाद खून लगातार बहता रहता है
- शरीर के अलग-अलग जॉइंट्स में दर्द
- शरीर के किसी भी हिस्से में अचानक सूजन होना
- मल या पेशाब में रक्त दिखना
- शरीर में नील के निशान पड़ना
- नाक से खून आना
- कमजोरी या थकान महसूस करना

## हीमोफीलिया का उपचार

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, जिन लोगों में उपरोक्त लक्षण दिखें, उन्हें एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लेनी चाहिए और उन्हें अपनी डायट का खास ख्याल रखने की जरूरत है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार, हीमोफीलिया का इलाज मिसिंग ब्लड क्लॉटिंग फैक्टर को हटाकर किया जा सकता है। इसके अलावा इंजेक्शन के जरिए भी इस बीमारी का उपचार किया जाता है, जो एक मेडिकल प्रोसीजर है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाता है।

## हीमोफीलिया के बचाव के लिए रखें इन बातों का ध्यान

- हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यदि आपके दांत और मसूड़ों से खून निकलता है तो इसे नजरअंदाज न करें, तुरंत डेंटिस्ट के पास जाएं।
- यदि हड्डियों में चोट लगती है तो पेन किलर लेने के पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य ले लें, क्योंकि इसकी वजह से भी आगे चलकर हीमोफीलिया हो सकता है।
- ब्लड इंफेक्शन के कारण होने वाली बीमारियों और उनके टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करें साथ ही इसकी जांच भी करवाएं। हेपेटाइटिस ए और बी की वैक्सीन के बारे में डॉक्टर से सलाह लें।
- ब्लड-थिनिंग दवा लेने से बचें। एस्पिरिन और इबुप्रोफेन जैसी ओवर-द-काउंटर दवाओं का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- अपनी डायट में विटामिन और मिनरल्स से भरपूर चीजें शामिल करें।
- रोजाना एक्सरसाइज और योग करें।

❖ कंचन सिंह

## सूडोकु नवताल- 6719

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6718 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 7781



**बाएँ से दाएँ**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपये का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नलका, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार -2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2,3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

**शब्द पहेली-7780 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | | का | | म | | ह | क |
| ला | | मा | या | | य | श | | हा |
| म | त | ली | | सां | | क | ल | र |
| | ल | | च | प | ल | | ह | |
| घ | ब | रा | ना | | च | प | ल | ता |
| | गा | | ब | हा | र | | हा | |
| भ | र | म | | नि | | प | ना | ह |
| ला | | द | ल | | क | द | | वे |
| ई | ख | | म्हा | | ली | | डा | ली |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें।

**वृष राशि :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**मिथुन राशि :** पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**कर्क राशि :** मितव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह राशि :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कन्या राशि :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**तुला राशि :** ज्ञानीजनों का सान्निध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक राशि :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु राशि :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**कुंभ राशि :** हरि करे सो खरी, अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**मीन राशि :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### राजौरी में चल रहे ऑपरेशन में एक आतंकी मारा गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में शुक्रवार को एक आतंकवादी मारा गया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि जिले के दसल गुजरान इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सूत्रों ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई थी। इसके बाद छिपे हुए आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच रात भर गोलीबारी हुई।

### अतीक के नाबालिग बेटों की हो रही काउंसलिंग

**प्रयागराज।** मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटों को बिना किसी गलती के किशोर आश्रय गृह में रखे हुए तीन महीने से अधिक हो गए हैं। पिता अतीक, चाचा अशरफ, बड़े भाई असद की मौत के सदमे से उबरने में मदद के लिए अब दोनों बेटों की विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग की जा रही है।

### बंगाल में भाजपा नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के दिनहाटा में स्थानीय भाजपा नेता प्रशांत रॉय बसुनिया की शुक्रवार को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। बसुनिया अपनी मां के साथ अपने घर पर थे। तभी कुछ बदमाशों ने अंदर घुसकर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। कहासुनी के बाद अचानक एक बदमाश ने पिस्टल निकाली और बसुनिया को बेहद करीब से गोली मार दी।

# शिवाजी ने देश की एकता, अखंडता को सर्वोपरि रखा : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी ने भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा और उनके विचारों का प्रतिबिंब केंद्र सरकार की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के विजन में देखा जा सकता है। शिवाजी के राज्याभिषेक के 350वें वर्ष के अवसर पर एक वर्चुअल संबोधन में मोदी ने कहा कि मराठा शासक ने स्वराज, धर्म, संस्कृति और धरोहरों को ठेस पहुंचाने की कोशिश करने वालों को भी संकेत दिया। इससे जन-जन में विश्वास पैदा हुआ, आत्मनिर्भरता की भावना का संचार हुआ और राष्ट्र का सम्मान बढ़ा। मोदी ने कहा, किसान कल्याण हो, महिला सशक्तिकरण हो, शासन-प्रशासन तक सामान्य मानवी की पहुंच आसान बनाना हो, उनके कार्य, उनकी शासन प्रणाली और उनकी नीतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। शिवाजी की प्रेरक प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के समय देश की परिस्थितियों की कल्पना की जा सकती है। सैकड़ों वर्षों की गुलामी और आक्रमणों ने देशवासियों से उनका आत्मविश्वास छीन लिया था। आक्रमणकारियों के शोषण और गरीबी ने समाज को कमजोर बना दिया था। मोदी ने कहा, हमारे सांस्कृतिक केंद्रों पर हमला करके लोगों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की गई। ऐसे समय में लोगों में आत्म विश्वास जगाना एक कठिन कार्य था। लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज ने ना सिर्फ आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जनमानस में ये विश्वास भी पैदा किया कि स्वयं का राज संभव है। पीएम ने आगे दावा किया, उन्होंने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर लोगों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया।

### पीएम आज गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे



**प्रधानमंत्री** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आज मडगांव रेलवे स्टेशन से गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस ट्रेन के चलने से मुंबई-गोवा मार्ग पर कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र के लोगों को तेज और आरामदेह यात्रा का साधन उपलब्ध होगा। यह देश में चलने वाली 19वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशनों के बीच चलेगी। बयान में कहा गया है कि यह लगभग साढ़े सात घंटे में यात्रा पूरी करेगी।

# सरहद के साथ संस्कृति व अर्थव्यवस्था की भी रक्षा करती है सेना : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मजबूत सेना न सिर्फ सरहद की सुरक्षा करती है बल्कि देश की संस्कृति और अर्थव्यवस्था की भी रक्षा करती है। रक्षा मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हमारा लक्ष्य एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना है, जो अपनी जरूरतों के साथ-साथ मित्र देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करे। यह पुनर्जागरण का काल है। यह भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में फिर से स्थापित करने का समय है।

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत न केवल एक उभरती हुई बल्कि फिर से मजबूत हो रही शक्ति है जो वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर दोबारा अपनी जगह बना रहा है।




उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत यह कहते हुए की कि 17वीं शताब्दी तक भारत की अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से मजबूत थी, जो दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में एक-चौथाई से ज्यादा हिस्सेदारी रखती थी। लेकिन कमजोर सेना और राजनीतिक दासता के कारण इसने अपना गौरव खो दिया। सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार इन दोनों मोर्चों पर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपनी पुरानी गौरवपूर्ण स्थिति को पुनः प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों का निर्माण करने वाले मजबूत रक्षा उद्योग की मदद से एक मजबूत, युवा और तकनीक-प्रेमी सशस्त्र बल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है,। साथ ही औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाने के प्रयास भी जारी हैं। मॉर्गन स्टैनली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 2013 में भारत को 'फ्रेजाइल 5' अर्थव्यवस्थाओं में नामित करने वाले निवेश फर्म ने हाल ही में कहा कि देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

राजनाथ सिंह ने देश के आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए कई सुधारों का उल्लेख किया।

# सिसोदिया समेत 4 आरोपियों को चार्जशीट मुहैया कराने का निर्देश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत चार आरोपितों को चार्जशीट और अन्य दस्तावेजों की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने 25 अप्रैल को इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने इस मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया को भी आरोपित बनाया है। पूरक चार्जशीट में सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया गया है। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 25 नवंबर, 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 15 दिसंबर, 2022 को पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7, 7ए और 8 के तहत आरोप तय किए थे।

# सांसद बृजभूषण पर एफआईआर में महिला पहलवानों ने लगाए कई गंभीर आरोप

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के सात दिन बाद कनॉट प्लेस थाने में सात महिला पहलवानों की लिखित शिकायत पर 28 अप्रैल 2023 को दो एफआईआर दर्ज हुई थीं। जिसमें बेटी पहलवानों ने गलत तरीके से छूना, बहाने से सीने पर हाथ फेरने के अलावा और भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

भारतीय कुश्ती संघ के कुछ सप्ताह पहले तक लगातार 11 वर्ष अध्यक्ष रहे, सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर का ब्योरा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों एफआईआर में यौन शोषण के आरोप हैं। दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में 28 अप्रैल को ये दोनों एफआईआर दर्ज हुई थीं। जिसमें पहलवानों ने गलत तरीके से छूनाए बहाने से सीने पर हाथ फेरने के अलावा और भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पहली एफआईआर में छह बालिग रेसलर्स ने आरोप लगाया है कि सांसद बृजभूषण ने उन्हें गलत तरीके से छुआ। बहाने से सीने पर हाथ रखने की कोशिश की। यहां तक कि सांस को चेक करने के बहाने से उनकी टीशर्ट भी उतारी। एक जख्मी महिला खिलाड़ी का खर्च कुश्ती संघ द्वारा उठाने को लेकर संबंध बनाने की डिमांड भी की।

आरोप है कि जब खिलाड़ी ने इससे इनकार कर दिया तो उनके साथ ट्रायल में भेदभाव किया गया। वहीं ,दूसरी एफआईआर में एक नाबालिग रेसलर ने बहाने से कमरे में बुलाकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है, लेकिन अपनी सूझ-बूझ वह बच निकली। बृजभूषण के खिलाफ धारा 354, 354, 354 डी और धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बेटी पहलवानों के आरोपों को लेकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बीते एक जून को कहा था कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना पासपोर्ट और वीजा 16 अफ्रीकी मूल के लोग गिरफ्तार

### अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की तलाश में जुटी पुलिस

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में अफ्रीकी मूल नागरिकों द्वारा चलाई जा रही ड्रग्स फैक्ट्री के खुलासे के बाद जिले की सुरक्षा को पुख्ता करने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में अवैध रूप से बिना वीजा और पासपोर्ट के रह रहे विदेशी नागरिकों पर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने अब यहां रहने वाले अवैध विदेशी नागरिकों का वेरीफिकेशन कर अवैध रूप से रह रहे 16 अफ्रीकी मूल के विदेशियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई अन्य सोसाइटी में भी की जा रही है। 16 अफ्रीकी मूल के विदेशियों को कोतवाली बीटा 2 पुलिस के साथ मिलकर लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने कासा ग्रांड टावर सेक्टर चाई 5 पर छापा मारकर पकडा है। ये सभी अवैध रूप से बिना वीजा और पासपोर्ट के रह रहे थे। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश के बाद विदेशी लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें 16 अफ्रीकी मूल के विदेशियों नागरिकों का सत्यापन के समय दस्तावेज अवैध पाए गए। इसमे 3 महिलाएं भी शामिल है। इन लोगों के विरुद्ध विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों की निंदा की


**एजेंसी। नई दिल्ली**



ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की है। गुरुवार को केप टाउन में हुई ब्रिक्स की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में आतंकवाद और कट्टरता से पैदा होने वाले सभी खतरे को स्वीकार किया गया। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सम्मेलन में हिस्सा लिया। बयान में कहा गया है कि ब्रिक्स देशों के मंत्री आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित ठिकाने शामिल हैं। ब्रिक्स मंत्रियों ने दोहराया कि आतंकवाद को किसी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने हथियारों के नियंत्रण, निरस्त्रीकरण और अप्रसार की प्रणाली को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही जैविक हथियारों के विकास, उत्पादन और भंडारण पर रोक और उनके विनाश पर कन्वेंशन पर जोर देते हुए कहा कि वैश्विक स्थिरता और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए ये काफी महत्वपूर्ण है।

# छग : सुकमा में एक लाख इनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी। सुकमा**



जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक लाख के इनामी नक्सली सीएनएम कमांडर वेट्टी राजा एवं मिलिशिया सदस्य रवा सोमा ने शुक्रवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की दूसरी बटालियन के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उनकी पहचान नक्सलियों की सांस्कृतिक शाखा चेतना नाट्य मंडली (सीएनएम) के कमांडर वेट्टी राजा और मिलिशिया सदस्य रवा सोमा के रूप में की है। आत्मसमर्पित नक्सली वेट्टी राजा पर एक लाख रुपये का इनाम था। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे नक्सलियों के लिए जिला पुलिस के पुनर्वास अभियान 'पूना नार्कोम' से भी प्रभावित थे। पुलिस ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।




# 'द केरल स्टोरी' के ओटीटी पर रिलीज होने को प्रोड्यूसर्स ने बताया अफवाह




**'द केरल स्टोरी'** ने रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया। अब फिल्म को ओटीटी पर रिलीज होने को लेकर मेकर्स ने रिएक्शन दिया है। खुलासा हुआ है कि अभी फिल्म के राइट्स नहीं बिके हैं, इसलिए फिल्म को ओटीटी पर रिलीज होने की खबरें महज अफवाह हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'द केरल स्टोरी' को ओटीटी पर रिलीज किये जाने की चर्चा चल रही है। इस बारे में जब निमार्ताओं से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक हमने फिल्म के डिजिटल राइट्स नहीं बेचे हैं, लेकिन कई बड़ी कंपनियां मूवी राइट्स खरीदने के लिए हमसे संपर्क कर रही हैं। हालांकि, हमने किसी का ऑफर स्वीकार नहीं किया है। इससे पहले जून के महीने में चर्चा थी कि फिल्म 'द केरल स्टोरी' जी5 ओटीटी पर रिलीज होगी। हालांकि, अब साफ हो गया है कि ये सब अफवाहें हैं।

## श्रुति हासन ने लंदन के एक रेस्तरां में बिना तैयारी के किया परफॉर्म



**अभिनेत्री** श्रुति हासन अपनी अंतरराष्ट्रीय फिल्म 'द आई' की शूटिंग के लिए दोबारा यूके चली गईं हैं। लंदन में एक रेस्तरां की यात्रा के दौरान अभिनेत्री ने वहां अचानक परफॉर्म करके सभी का दिल जीत लिया। श्रुति और उनके दोस्तों ने अपने साथी संतनु हजारिका के साथ कुछ देर के लिए काम से ब्रेक लेने का फैसला लिया। वे रात बिताने के लिए एक लोकप्रिय रेस्तरां लूई पहुंचे। इन हाउस बैंड के फुट टैपिंग संगीत को सुनते हुए श्रुति ने परफॉर्म करने का फैसला किया। उन्होंने अचानक परफॉर्म करके सभी का दिल जीत लिया। रेस्तरां के इन हाउस बैंड ने संगीत को एक यादगार शाम बनाने के साथ बजाया। श्रुति ने अपने अचानक परफॉर्म के बारे में बात करते हुए कहा, यह एक प्यारी शाम थी और जब उन्होंने मुझे गाने के लिए कहा, तो मुझे बहुत खुशी हुई।

## नसीरुद्दीन शाह के बयान पर भड़के मनोज तिवारी



**हिन्दी सिनेमा** के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म द केरल स्टोरी की कड़ी आलोचना की थी। अब मनोज तिवारी ने उन्हें खरी खोटी सुनाई है। बता दें कि जहां भारत में अधिकांश अभिनेता राजनीतिक या सामाजिक मुद्दों पर स्टैंड लेने से कतराते हैं, वहीं नसीरुद्दीन शाह विभिन्न विषयों पर अपने विचार साहसपूर्वक व्यक्त कर रहे हैं। हाल ही में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में बात करने वाले नसीर अब फिल्म "द केरल स्टोरी" पर प्रतिक्रिया देते हैं। उसके बाद मनोज तिवारी ने नसीरुद्दीन पर निशाना साधा है। मनोज तिवारी ने निर्देशक सुदीप्तो सेन की द केरल स्टोरी का समर्थन किया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, "नसीरुद्दीन शाह एक बेहतरीन अभिनेता हैं लेकिन उनकी नीयत अच्छी नहीं है। मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है। जब इस देश में नसीरुद्दीन शाह की फिल्में बनती और रिलीज होती थीं।" नसीरुद्दीन शाह ने कहा, भीड़, अफवा, फराज, तीनों फिल्में फ्लॉप रहीं। इस फिल्म को देखने कोई नहीं गया। वही लोग द केरल स्टोरी देखने के लिए लाइन लगा रहे हैं। यह चलन बेहद खतरनाक है। मैंने अभी तक द केरल स्टोरी नहीं देखी है और न ही देखना चाहता हूं।

**विकास** | 5000 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के लिए अच्छी सड़कें जरूरी

# 2024 तक भारत की सड़कें होंगी विश्वस्तरीय

**एजेंसी। वडोदरा**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार भारत को 5000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए विश्वस्तरीय मानक की सड़कों की जरूरत है। वडोदरा शहर के समीप दुमद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने भरोसा दिया कि वर्ष 2024 तक भारत की सड़कें 'विश्व मानकों' के अनुकूल होंगी। उन्होंने कहा, ह्यह्यआप देश के किसी भी हिस्से में जाएंगे आपको अच्छी गुणवत्ता के राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। हमारा देश बदल रहा है। यह हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाए जो अपने गरीब और जरूरतमंद नागरिकों का ध्यान रखे। गडकरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के तहत भारत को 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी है कि देश की सड़क अवसंरचना विश्वस्तरीय हो और हम इसे हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। बेहतर सड़कों पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने एक बार कहा था कि अमेरिका की सड़के इसलिए अच्छी नहीं हैं कि अमेरिका अमीर है बल्कि अमेरिका इसलिए अमीर है क्योंकि यहां की सड़कें अच्छी हैं। उन्होंने कहा, गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2024 समाप्त होने से पहले देश भर के राजमार्ग विश्वस्तरीय और अमेरिका जैसे बेहतर होंगे।



### मुख्यमंत्री को पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा शिकायत पत्र, कहा-

# जैप आईटी के जरिए सीसीटीवी लगाने में हुई अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने जैप आईटी के जरिए राज्य के सभी जिला व अनुमंडल कोर्ट में सीसीटीवी लगाने में अनियमितता की शिकायत की है। बाबूलाल ने लिखा है कि एजेंसी के तौर पर बेसिल का चयन किया गया है। जैप आइटी के पत्र के अनुसार चयनित एजेंसी को समस्त उपकरणों का एनएबीएल जांच प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है। बेसिल कंपनी में उच्चस्तर पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आए हैं। अप्रैल 2023 के अंतिम सप्ताह में सीबीआइ ने बेसिल के सीएमडी जॉर्ज कुरूविला को तीन लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। अखबारों में प्रकाशित खबर के अनुसार एक ठेकेदार से बेसिल के सीएमडी



जॉर्ज कुरूविला और जीएम रमित लाला ने काम दिलाने और बकाया राशि के भुगतान करने के एवज में पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार की शिकायत पर सीबीआइ ने बेसिल के जीएम रमित लाला समेत अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार किया था। बेसिल में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर मामलों को देखते हुए झारखण्ड में उक्त कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार की संभावनाओं

**ठेकेदार की शिकायत पर सीबीआइ ने बेसिल के जीएम रमित लाला समेत अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार किया था**

**बेसिल कंपनी में उच्चस्तर पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आए हैं**

की समुचित जांच कराना बेहद आवश्यक है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में तीन बिंदुओं का जिक्र किया है। पहले बिंदु के तौर पर बताया है कि बेसिल ने अपने उपकरण टेस्टिंग के संदर्भ में मेसर्स आंचल टेक्नो सोल्यूशन्स, बेंगलूरू द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए गए हैं। इंटरनेट में एनएबीएल के बेबसाइट पर स्पष्ट जानकारी दी गई है कि मेसर्स आंचल टेक्नो सोल्यूशन्स, बेंगलूरू को सिर्फ ऑटो मोबाइल टाइप उपकरणों की इनवायरमेंटल जांच के लिए अधिकृत किया गया है। उसे सीसीटीवी उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक्स आइटी इक्यूपमेंट्स की टेस्टिंग हेतु अधिकृत नहीं किया गया है। दूसरी बिंदु यह है कि इस टेंडर के आरएफपी के अनुसार सामान्य वित्त नियम (जीएफआर)-2017 में नियम 144 (11) के तहत कार्यालय आदेश के संदर्भ संख्या 6/18/2019-पीपीडी दिनांक 23 जुलाई 2020 या नवीनतम, सार्वजनिक खरीद प्रभाग, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय का अनुपालन किया जाना चाहिए। लेकिन टेंडर के आरपीएफ के इस नियम का भी उल्लंघन होने की बात सामने आ रही है।

### महिला ने पति सहित चार पर मारपीट करने की दर्ज कराई शिकायत

**रांची।** सदर थाना में एक महिला ने अपने पति सत्य प्रकाश दुबे सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उसका विवाह सत्य प्रकाश दुबे से हुआ था। उनका 15 वर्ष का एक पुत्र भी है। महिला ने बताया कि वर्तमान मैं अपने पति, देवर, चचेरे भगना की क्रूरता एवं अत्याचार से काफी तंग आ चुकी हूं। महिला ने बताया कि उसके विरुद्ध देवर विकास दुबे , ननद शिवांगी ,देवरानी करुणा तथा पति का अत्याचार शादी के कुछ माह बाद ही शुरू हो गया था। लेकिन अपने बच्चे की भविष्य की चिंता करते हुए काफी हद तक बर्दाश्त करती आ रही हूं। कुछ दिनों पूर्व मेरे पति को शराब पिलाकर मेरे देवर विकास दुबे, स्टाफ रोशन और मिक्कू मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। इस दौरान मेरे पुत्र की वजह से इज्जत बची। परिवार के सभी सदस्य मेरे पुत्र और मेरे साथ मारपीट करते हैं।

# एनएसएस ने चलाया प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को मिशन लाइफ के तहत मोरहाबादी क्षेत्र में सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया गया। मौके पर आरयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को प्लास्टिक के जरिये भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम चलाना सभी का नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने एन एस एस के स्वयंसेवकों को पर्यावरण संकट को गंभीरता से लेकर आम जनता के बीच एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के इस भीषण संकट से बचनेके लिए सभी को सामूहिक एवं सार्थक प्रयास



करने की आवश्यकता है। प्लास्टिक मुक्त अभियान में मोरहाबादी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे हुए प्लास्टिक से निर्मित सामग्रियों के रैपर एवं प्लास्टिक आदि का संग्रह किया गया एवं आने जाने वाले राहगीरों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक भी किया गया । एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मोरहाबादी क्षेत्र से लगभग 50 से ज्यादा थैलों में एकल प्रयोग प्लास्टिक के कचरे का संग्रहण कर नगर निगम के बड़े डस्टबिन में डाला। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, दिवाकर आनंद, सौरभ दीप सहित अन्य मौजूद थे।

### आजसू ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को पार्टी से किया निष्कासित

**रांची।** पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर आजसू ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को निष्कासित कर दिया है। साथ ही साथ केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार महेश महतो को आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तथा शिवलाल दांगी एवं छोटू भोक्ता को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी को भंग कर दिया गया था। शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि चतरा जिले में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य अपेक्षित रफ्तार से चले, इसलिए कमिटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था। केंद्रीय सचिव के निष्कासन को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीति में जब विचारधारा से ऊपर महत्वाकांक्षाएं हावी हो जाती है, तो संगठन का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पाता।

### रिम्स निदेशक कामेश्वर प्रसाद को दी गई विदाई

# यह जहां भी जायेंगे झारखंड का नाम रोशन करेंगे : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स निदेशक के तौर पर कार्यभार संभालने वाले पद्मश्री डॉ कामेश्वर प्रसाद ने शुक्रवार को रिम्स को अलविदा कह दिया। नए अकादमिक भवन स्थित लेक्चर थिएटर एक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ कामेश्वर प्रसाद की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा रिम्स में रिसर्च पर जोर दिया है और वह इसमें सफल भी हुए हैं। रिसर्च से आने वाले समय में रिम्स को फायदा मिलेगा। डॉ प्रसाद के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने



कहा कि वह जहां भी जायेंगे झारखंड का नाम रौशन करेंगे और रिम्स और स्वास्थ्य विभाग उनसे जुड़ा रहेगा। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डॉ कामेश्वर प्रसाद को जितनी प्रशासनिक सहायता मिलनी चाहिए थी शायद नहीं मिली। बावजूद इसके उन्होंने कोरोना काल से लेकर अभी तक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समयबद्ध निर्णय लेते हुए एक रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। रिम्स की व्यवस्था को कैसे दुरुस्त किया जाए यह आने वाले निदेशक के सामने एक चुनौती होगी। डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि वह रिम्स से संतुष्ट होकर जा रहे हैं। उन्होंने नियम के विरुद्ध कोई काम नहीं किया। साथ ही कहा कि रिम्स उनकी मां समान है और इसी भाव से उन्होंने यहां पर कार्य भी किया है। रिम्स में कई उन्नत और अत्याधुनिक मशीनें लगायी गयी हैं जैसे दो सीटी स्कैन मशीनए कैथ लैब, इको मशीन इत्यादि जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। बता दें कि हजारीबाग में जन्मे डॉ कामेश्वर प्रसाद ने रिम्स के निदेशक के रूप में 2 साल 6 महीना 18 दिन तक अपनी सेवा दी।

### मोदी सरकार के नौ साल ने भारत की मजबूत नींव तैयार की

**रांची।** चतरा और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की महाजनसंपर्क अभियान तथा भाजपा सरकार के नौ साल के जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी कार्यकताओं की बैठक शुक्रवार को लातेहार जिलांतर्गत चंदवा में संपन्न हुई। बैठक में अभियान की योजना-रचना की जानकारी दी गई तथा तैयारियों की समीक्षा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ वर्षों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि 2047 में आजादी के 100 साल पूरा होने पर भारत दुनिया का सर्वाधिक मजबूत, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर भारत होगा इसकी झलक दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा एक तरफ अंत्योदय का लक्ष्य साकार हो रहा। गांव, गरीब, किसान का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा। दलित, वंचित समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा।

# मिशन लाइफ के तहत आज रांची में साईकिल रैली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मिशन लाइफ के तहत आज प्रातः 6.00 बजे से 9.00 बजे के बीच रॉंची में साईकिल रैली आयोजित होगी जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं । मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने रॉंची वासियों से अनुरोध किया है कि मिशन लाइफ का सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु मोरहाबादी मैदान में आयोजित साईकिल रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें एवं स्वच्छ पर्यावरण तथा उत्तम जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि साईकिल रैली में भाग लेने हेतु 1000 से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जा रहा है। सभी प्रतिभागी प्रातः 5.30 बजे तक मोरहाबादी शहीद पार्क स्थित बापू वाटिका के समीप जमा होंगे। प्रतिभागियों को आयोजक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा टीशर्ट, प्रशस्ति-पत्र तथा मोमेंटो दिया जाएगा। जिनके पास साईकिल उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए 250 साईकिल की व्यवस्था स्थल पर किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को पलाश सभागार परिसर में जलपान की व्यवस्था भी होगी एवं साईकिल रैली मार्ग पर पेयजल की व्यवस्था भी रहेगी। साईकिल रैली के आगे और पीछे एंबुलेंस की सुविधा तथा ट्रैफिक नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सारी व्यवस्था कर दी गयी है।

# भ्रष्टाचार के संरक्षक नेताओं का रांची में हो रहा संगम : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हुए तीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान एवं हेमंत सोरेन की मुलाकात पर तीखी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक तीन मुख्यमंत्रियों के संगम ने आज भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि को अपवित्र किया है।

उन्होंने कहा कि आज नरेन्द्र मोदी सरकार देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की दबिश



बढ़ी है। इसके कारण भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वालों की पोल खुल चुकी है। अन्ना हजारे के आदर्शों को ठेंगा दिखाने वाली आप पार्टी के सरकारों की कथनी और करनी का अंतर उजागर हो चुका है। आज शराब घोटाले में केजरीवाल सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल की सलाखों में कैद हैं। दीपक ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री की सरकार भी डेढ़ वर्षों में ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुकी है। पंजाब में डेढ़ वर्षों में ही दो मंत्रियों विजय सिंगला और सौजा सिंह को भ्रष्टाचार के आरोप में भाजपा के आंदोलन पर बर्खास्त करना पड़ा है। भटिंडा के विधायक अमित रतन सरेआम रिश्वत लेते पकड़े गए। विधायक गोल्डी कंबोज के पिता पर भी महिला के इस्तेमाल से सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगा।

### हेडफोन लगाकर छात्र पार कर रहा था ट्रैक ट्रेन से कटकर मौत

**रांची।** थाना क्षेत्र के जिन्तूपीढ़ी में हेडफोन लगाकर ट्रैक पार कर रहे छात्र की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक नितेश कुमार महतो (21वर्ष) जिन्तूपीढ़ी गांव का निवासी था। वह रांची में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिछले दिनों वह अपने घर माता-पिता के पास जिन्तूपीढ़ी आया था। घटना शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे की है। वह बकरी के लिए पत्ता तोड़ने जंगल जा रहा था। मोबाइल हेडफोन लगाकर वह रेलवे ट्रैक (अपलाइन) पार कर रहा था। उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इस घटना में नितेश का दाहिना पैर कट गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर एसआई संतोष गिरि और मदन घटनास्थल पहुंचे।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# विश्व पर्यावरण पर ट्री बैंक की हुई शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज के सहयोग से आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, भारत सरकार की दुमका इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम के पूर्व दिवस पर आज यहां साहिबगंज कॉलेज में शिक्षकों व छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और साथ ही साथ झारखंड व देश के सुप्रसिद्ध भु-विज्ञानी व राजमहल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह ने पेड़ों को अपने बाहों में समेट कर चिपको आंदोलन का शुरूआत किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम के दौरान और उससे पूर्व दिवसों पर साइक्लोथोन,



गंगा की सफाई, वाटर-बोट पर जागरूकता अभियान, चित्रांकन प्रतियोगिता व मिशन लाइफ पर लेखन प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए राजमहल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि ट्री बैंक का आगाज विश्व पर्यावरण दिवस 2023 पर मॉडल कॉलेज राजमहल में ट्री बैंक के साथ एक नई शुरूआत की जाएगी। प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए धरती के तापमान जो तीव्र गति से बढ़ रही है उससे ठंड और शांत करने के लिए ट्री बैंक का आगाज किया जाएगा जिसमें पेड़ का एक बैंक होगा जो लोग पेड़ लगाना चाहते हैं या पेड़ देना चाहते हैं इस बैंक के माध्यम से लेनदेन होगा। मॉडल कॉलेज राजमहल को इस बैंक का केंद्र बनाया गया है। जिसमें विशुद्ध रूप से समाज के लोग समाज के द्वारा ही ट्री बैंक में एक पेड़ पौधे देकर खाता खोल सकते है। इसके मुख्य संचालक शिक्षक परवीन कुमार सिंह होंगे। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान ने कहा कि समय आ गया है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करें तथा पेड़-पौधों और जल के संरक्षण के लिए हर संभव समुचित कदम उठाएं।

**प्रदर्शन** बीएयू में प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का आयोजन

# छात्रों के लिए खुशी का अवसर : डॉ ओंकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्ष 1981 में स्थापित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के लिए पहली बार प्लेसमेंट मेला सह बीएयू- इंडस्ट्री मीट-2023 का आयोजन सबसे बड़ा उत्सव का क्षण है। वर्त्तमान में सीमित संसाधनों के बावजूद विगत ढाई वर्षों में उच्च शिक्षा एवं कैरियर के क्षेत्र विवि के विद्यार्थियों का प्रदर्शन गर्व का विषय रहा है। करीब चार सौ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के ऑनलाइन कोचिंग से जोड़ा गया है। विवि में विद्यार्थियों को क्षमता एवं दक्षता विकास पर विशेष ध्यान दी जाती है। विवि के विद्यार्थी नाबार्ड एवं अन्य अनेकों राष्ट्रीय संस्थानों में बेहतर सेवा दे रहे है। बीएयू के विद्यार्थी अपनी क्षमता, दक्षता एवं अनुशासन के बल पर प्राइवेट एवं इंडस्ट्रीज सेक्टर के प्रबंधन में बेहद फलदायी साबित होंगे। उक्त बातें प्लेसमेंट मेला सह बीएयू -इंडस्ट्री मीट का उद्घाटन करते हुए अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही। कुलपति ने कहा कि



रोजगार के मामले में फॉरेस्ट्री पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। हाल के वर्षो में विवि के शैक्षणिक क्षेत्र में अनेकों नये आयाम जुड़े है। इनमें हॉर्टिकल्चर, डेयरी टेक्नोलॉजी एवं एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। उन्होंने सबंधित कॉलेज के एसोसिएट डीन से इनके नियोजन की संभावना से सबंधित सुझाव पत्र से राज्य सरकार को अवगत कराने की सलाह दी। मौके पर कुलपति ने काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट द्वारा प्रकाशित प्लेसमेंट पोस्टर एवं स्मारिका का भी विमोचन किया। विशिष्ट अतिथि नाबार्ड, रांची के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नाबार्ड संस्थान में करीब पचास प्रतिशत कृषि एवं संबद्ध विषय के स्नातक कार्यरत है। नाबार्ड सेवा में कृषि एवं संबद्ध विषय से जुड़े विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं है। उन्होंने घोषणा की कि दस दिनों के अंदर नाबार्ड की अनुषंगी यूनिट नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विस द्वारा बीएयू के ग्यारह विद्यार्थियों का प्लेसमेंट किया जायेगा। मौके पर डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने वेटनरी, डेयरी टेक्नोलॉजी एवं फिशरीज क्षेत्र में नियोजन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन विषयों के विद्यार्थियों के लिए सरकारी नियोजन की अपेक्षा प्राइवेट सेक्टर में नियोजन की अपार संभावनाएं है। डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने इस अवसर को विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी एवं उत्साहवर्धक अवसर बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता की पहचान, दक्षता का विकास, जागरूक रहने और लगातार मेहनत एवं प्रयास करने की सलाह दी। स्वागत भाषण में डीन फॉरेस्ट्री डॉ एमएस मल्लिक ने कहा कि बीएयू महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुआ है। विद्यार्थियों में चेतना एवं जागरूकता के उद्देश्य से ही पहली बार विवि में विद्यार्थियों को यह प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया है। इससे विवि के सफल विद्यार्थियों को सरकारी नियोजन के अलावे गुणवत्तापूर्ण नियोजन में तेजी आयेगी। आयोजन सचिव एवं विश्वविद्यालय समन्वयव (काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट) डॉ बीके झा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विवि के 11 महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष करीब 350 स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है।

### सिल्ली की घटना शर्मसार करने वाली: राजेन्द्र प्रसाद



**सिल्ली।** सिल्ली की नावाडीह गांव में कुआं से पानी लेने पर छुआछूत की भावनाओं से दलित परिवारों को रोके जाने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। प्रसाद ने कहा कि छुआछूत और भेदभाव की परंपरा झारखंड की नहीं रही है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के लिए यह घटना अचंभित करने वाली है। उन्होंने कहा कि आज 21वीं सदी के दौर में आज कुछ अंधविश्वासी और सामंतवादी विचारधारा के लोगों के कारण ही समाज का विभाजन हो रहा है। प्रसाद ने प्रशासन से इस घटना को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है और इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रसाद ने जिला प्रशासन से इन परिवारों के लिए पीने का पानी तुरंत उपलब्ध करवाने और इनके आवास के आसपास में तुरन्त बोरिंग कराने एवं कुआं का निर्माण कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

### बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर धुर्वा के सेक्टर दो स्थित लीची बागान में आयोजित किया गया थाए जिसमें पूरे रांची जिले से लगभग 80 बालक-बालिकाओं को खो-खो खेल का बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को जनरल वार्मअप के बाद खेल से संबंधित स्पेसिफिक व्यायाम, इंडूरेनस टेस्ट, रोड रंनिग एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को फिटनेस के तहत लचीलापन, फुर्तीला बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया।

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
(सीआईएनः U12000JH1967GO1000806
पीओः जादुगोड़ा माइन्स, जिलाः पूर्वी सिंहभूम
झारखंड-832102

ट्रेड टेस्ट के लिए वॉक-इन

यूसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, 01 (एक) वर्ष के विस्तार के प्रावधान के साथ 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर 42 (बयालीस) माइनिंग मेट की भर्ती करना चाहता है। कंपनी की आवश्यकता और उम्मीदवार के प्रदर्शन पर। उपर्युक्त पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य विवरण हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं : www.uraniumcorp.in

CBC 48134/12/0008/2324

# एशिया कप जीतना जूनियर महिला हॉकी टीम का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बहुप्रतीक्षित महिला जूनियर एशिया कप 2023 को लेकर उत्साहित है, क्योंकि उनकी निगाहें बहु-देशीय प्रतियोगिता में अपना पहला खिताब जीतने पर लगी हैं। महिला जूनियर एशिया कप 2023, जो 2-11 जून 2023 तक काकामीगहारा, गिफू प्रीफेक्चर, जापान में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट आगामी एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में भी काम करेगा।

विशेष रूप से, महिला जूनियर एशिया कप 2023 में शीर्ष तीन टीमें एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 के लिए स्वचालित योग्यता अर्जित करेंगी, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर, 2023 तक सैंटियागो, चिली में आयोजित किया जाएगा।



भारत, जिसकी कप्तानी प्रीति और उप-कप्तानी दीपिका कर रही हैं, को पूल ए में कोरिया, मलेशिया, उज्बेकिस्तान और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान जापान, चीन, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान और हांगकांग चीन पूल बी में शामिल हैं। भारतीय टीम ने अब तक टूर्नामेंट के सात संस्करणों में एक रजत पदक और चार कांस्य पदक जीते हैं। और इस बार, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का लक्ष्य अपना पहले स्वर्ण पदक जीतने पर होगा।

टूर्नामेंट से पहले टीम की तैयारी के बारे में बात करते हुए, कप्तान प्रीति ने कहा, हमने इस टूर्नामेंट के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और अब हम प्रशिक्षण सत्रों के दौरान हमने जो कुछ भी काम किया है, उसे लागू करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, सीनियर भारत की टीम भी हमारे साथ उसी परिसर में प्रशिक्षण ले रही थी जिससे हमें अपने खेल को बढ़ाने में मदद मिली और हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ा। इस बीच, भारत की उपकप्तान दीपिका ने कहा कि टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती है। उन्होंने कहा, जूनियर एशिया कप हमारे लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपनी ताकत का परीक्षण करने का एक बड़ा अवसर है। हम एशिया की कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। हम वर्षों से टूर्नामेंट में लगातार बने हुए हैं और कई पदक जीते हैं, लेकिन इस बार हम स्वर्ण पदक जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, जो टूनामेंट के इतिहास में हमारा पहला होगा। हालांकि, हम पहले टूर्नामेंट के शीर्ष तीन में जगह बनाकर जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर ध्यान देंगे। भारतीय टीम 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।




टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा, मानव ठक्कर, शरथ कमल और दीया चितले शुक्रवार को मुंबई में नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया में अंतिम टेबल टेनिस सीजन 4 के खिलाड़ी ड्राफ्ट में तस्वीर खिंचवाते हुए। (फोटोः आईएएनएस)

## NEWS इन ब्रीफ

### लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में, किरण जॉर्ज हारे



**बैंकॉक।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां पुरुष एकल में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्मोड़ा के 21 साल के खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के क्वालीफायर को 21-19, 21-11 से हराया। इस जीत से वह इस सत्र में पहली बार अंतिम चार में पहुंचे। वह इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टरफाइनल में हार गये थे। वहीं एक अन्य पुरुष एकल मैच में किरण जॉर्ज का सफर फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 16-21, 17-21 से हारकर समाप्त हो गया।

### ज्वेरेव ने मोलकैन को हरा कर तीसरे दौर में प्रवेश किया



**पेरिस।** पूर्व वर्ल्ड नंबर टू जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकैन को 6-4, 6-2, 6-1 से हराया। ज्वेरेव ने पिछले साल टखने की चोट के बाद रौलां गैरो में विजयी वापसी की है। ज्वेरेव पेरिस में दो बार के सेमीफाइनलिस्ट हैं, जिन्हें पिछले साल अंतिम चार में राफेल नडाल के साथ मैच में दाहिने टखने में चोट लगी थी। अब 26 वर्षीय ज्वेरेव पूरी तरह से फिट हैं और रौलां गैरो पर फिर से गरज रहे हैं। जर्मन खिलाड़ी ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन में अपना प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाए रखा, जब उन्होंने एक घंटे 58 मिनट में स्लोवाकियन को पछाड़कर सातवीं बार तीसरे दौर में प्रवेश किया।

### पहलवानों के विरोध पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर बोले-

# पहलवानों के लिए न्याय चाहते हैं, लेकिन कानूनी प्रक्रिया से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि हर कोई चाहता है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवानों को इंसाफ मिले लेकिन यह कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही संभव है । ठाकुर के इस बयान से दो दिन पहले एक महीने से अधिक समय से धरने पर बैठे शीर्ष पहलवानों ने अपने पदक हरिद्वार में गंगा नदी में बहाने की धमकी दी थी।



ठाकुर ने टाइम्स नेटवर्क द्वारा आयोजित आर्थिक सम्मेलन में एक प्रश्न उत्तर सत्र में कहा, सरकार भी निष्पक्ष जांच चाहती है। हम सभी चाहते हैं कि न्याय मिले लेकिन इसके लिये कानूनी प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करना होगा।" उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है जो भाजपा सांसद बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सरकार द्वारा नियुक्ति समिति की रिपोर्ट के बाद दर्ज किया गया था। यह पूछने पर कि आरोपी भाजपा सांसद होने की वजह से क्या कार्रवाई में विलंब हो रहा है, उन्होंने कहा, पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं है। हम सभी जांच जल्दी पूरी होने के पक्ष में हैं।" ठाकुर ने कहा कि सरकार ने पहलवानों की हर बात मानी और आरोपों की जांच के लिये समिति का भी गठन किया जिसमें उनके कहने पर सदस्य जोड़े गए। इसके अलावा भारतीय ओलंपिक संघ ने डब्ल्यूएफआई के कामकाज के संचालन के लिये प्रशासकों की समिति का गठन किया। उन्होंने कहा, कोई भी खिलाड़ी हो या महिला हो, अगर कोई अत्याचार हुआ है तो उसे जल्दी इंसाफ मिलना चाहिये। पहलवानों का जो मामला है, वह सात साल पुराना है और जनवरी में हमने उनसे पूछा भी था कि कोई एफआईआर दर्ज करनी है तो उन्होंने कहा था कि वे सिर्फ सरकार का दखल चाहते हैं।

### सीजन के अंत में पीएसजी छोड़ देंगे लियोनेल मेसी



**पेरिस।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी सत्र के अंत में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) छोड़ देंगे। मेसी ने क्लब में दो साल बिताए हैं। क्लब के प्रबंधक क्रिस्टोफ गाल्टियर ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। गाल्टियर ने घोषणा की कि शनिवार को क्लेरमोंट के खिलाफ पीएसजी का सीजन का अंतिम लीग 1 मैच क्लब के लिए मेसी का आखिरी मैच होगा। गाल्टियर ने कहा,₹मुझे फुटबॉल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को प्रशिक्षित करने का सौभाग्य मिला, यह पार्स डेस प्रिंसेस में उनका आखिरी मैच होगा और मुझे उम्मीद है कि उनका गर्मजोशी से स्वागत होगा। पीएसजी ने अगस्त 2021 में चैंपियंस लीग जीतने की महत्वाकांक्षा के साथ मेसी को टीम में शामिल किया था, लेकिन बावजूद इसके क्लब प्रतियोगिता में मनहूसियत को तोड़ नहीं सका।

## वेस्टइंडीज पुरूष क्रिकेट टीम के सहायक कोच बने कार्ल हूपर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कार्ल हूपर यूएई वनडे सीरीज और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से पहले वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम में सहायक कोच के रूप में शामिल हुए हैं। वेस्टइंडीज के लिए 15 से अधिक वर्षों में 329 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने और 10,500 से अधिक रन बनाने के बाद, हूपर ने पीछे से टीम का नेतृत्व करने की भूमिका निभाई और वे विभिन्न स्तरों पर कोच और संरक्षक रहे हैं।

सहायक कोच के रूप में 56 वर्षीय हूपर का हालिया अभियान पिछली गर्मियों में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग में था। उन्होंने कैरेबियन प्रीमियर लीग में एंटीगुआ हॉक्सबिल्स और गुयाना अमेजॅन वारियर्स के साथ कोचिंग की भूमिकाएं भी निभाई हैं। उनके विशाल अनुभव में बारबाडोस में वेस्ट इंडीज हाई परफॉर्मेंस सेंटर में एक संरक्षक की भूमिका भी शामिल है। अब वह अपने अनुभव का उपयोग वेस्ट इंडीज की उन चुनौतियों से पार पाने में मदद करने के लिए करना चाहेंगे जो उनके सामने हैं। हूपर ने आईसीसी के



हवाले से कहा, जब शुरूआत में डैरन ने संभावित अवसर के बारे में मुझसे संपर्क किया, तो मैंने तुरंत अपनी रुचि की पुष्टि की, क्योंकि मैं वास्तव में चुनौती में मदद करना चाहता हूं और सार्थक प्रभाव डालना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह वेस्टइंडीज क्रिकेट के आगे बढ़ने का समय है, और मुझे इस प्रयास में सहायता करने के लिए अपनी क्षमता, ज्ञान और अनुभव पर भरोसा है। वेस्टइंडीज के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर फ्लॉयड रीफर और न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन के साथ हूपर सहायक कोच के रूप में व्हाइट-बॉल स्टाफ में शामिल होंगे। वेस्टइंडीज यूएई के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगा जो 4 जून से शुरू होगी।

## भारत आईसीसी राजस्व के 38 प्रतिशत का हकदार : रिचर्ड गूड



**एजेंसी। दुबई**

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूड का मानना है कि विश्व क्रिकेट के विकास और राजस्व के सृजन में भारत का बड़ा योगदान है और वह 2024 से 2027 के बीच आईसीसी के प्रस्तावित वित्तीय मॉडल के तहत 230 मिलियन डॉलर सालाना पाने का हकदार है। नये प्रस्तावित मॉडल के तहत भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 600 मिलियन डॉलर राजस्व में से 38.5 प्रतिशत मिल सकता है जबकि ईसीबी को 41.33 मिलियन और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 37.53 मिलियन डॉलर मिलेगा। पीसीबी को 34.51 मिलियन (5.75 प्रतिशत) मिलेगा जबकि बाकी की रकम शेष पूर्णकालिक सदस्यों में बांट दी जायेगी। कुल 12 पूर्णकालिक सदस्यों को 532.84 मिलियन (88.81 प्रतिशत) और बाकी को 67.16 मिलियन डॉलर (11.19 प्रतिशत) मिलेगा।

आईसीसी से अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलनी बाकी है। इस मॉडल की यह कहकर आलोचना हो रही है कि इससे वित्तीय असमानता बढ़ेगी। गूड ने हालांकि इसका समर्थन करते हुए कहा, राजस्व के सृजन और खेल को आगे ले जाने में भारत की भूमिका को देखे तो यह सही है। एक अरब और 40 करोड़ लोग, एक खेल, दस (आईपीएल) टीमें, एक अंतरराष्ट्रीय टीम।

### स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा मार्का लेयेंडा पुरस्कार से सम्मानित



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के दिग्गज फुटबॉलर करीम बेंजेमा को शुक्रवार को उनके शानदार करियर के लिए मार्का लेयेंडा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रियल मैड्रिड के कप्तान बेंजेमा रीम लैमडिरिड के सुनहरे इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। रियल कैसीनो डी मैड्रिड में आयोजित एक समारोह में उन्होंने पुरस्कार प्राप्त किया। बेंजेमा ने अब तक 647 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 353 गोल किये हैं और 165 गोलों में सहायता की है। 2009 में क्लब में शामिल होने के बाद से, बेंजेमा ने रियल मैड्रिड खिलाड़ी के रूप में 25 खिताब जीते हैं।

## स्टुअर्ट ब्रॉड के 5 विकेट से इंग्लैंड एकमात्र टेस्ट में आयरलैंड के खिलाफ टॉप पर

**एजेंसी। लंदन**

चिरप्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ व्यस्त गर्मी के लिए इंग्लैंड के अभियान की शानदार शुरूआत हुई, क्योंकि उन्होंने पड़ोसी देश आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट को पहले दिन ही अपने नियंत्रण में ले लिया। जैक क्रॉली और बेन डकेट के बीच एक आक्रामक ओपनिंग स्टैंड से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने पांच विकेट लिए, आयरलैंड के खिलाफ लॉर्डस में एकमात्र टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड को ड्राइवर सीट पर मजबूती से पहुंचा दिया। इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ लॉर्डस में प्रभावी गेंदबाजी प्रदर्शन के साथ अपने समर की शुरूआत की, गुरुवार को चाय के तुरंत बाद मेहमान टीम को 172 रनों पर समेट दिया। क्रॉली और डकेट ने इंग्लैंड को बढ़त के करीब ले जाने के लिए कुछ ही समय में शतकीय साझेदारी की। इंग्लैंड ने स्टंप्स तक एक विकेट खोकर 152 रन बना लिए हैं।



### एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप 2023 के लिए भारतीय 'ए' टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप 2023 के लिए भारतीय 'ए' टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम 13 जून को हांगकांग के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। टूर्नामेंट, जो हांगकांग में टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में खेला जाएगा, में आठ टीमें शामिल होंगी, जिन्हें दो समूहों - ग्रुप ए और ग्रुप बी में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट 12 जून, 2023 से शुरू होगा और फाइनल 21 जून, 2023 को खेला जाएगा। भारतीय 'ए' टीम ग्रुप ए का हिस्सा है जिसमें मेजबान हांगकांग, थाईलैंड 'ए' और पाकिस्तान 'ए' शामिल हैं। जबकि बांग्लादेश 'ए', श्रीलंका 'ए', मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात को ग्रुप बी में रखा गया है।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023

### पूर्व मुख्य चयनकर्ता प्रसाद बोले-

# भारत को दो साल पहले वाली 'गलती' नहीं दोहरानी चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद को लगता है कि भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए फाइनल प्लेइंग-11 पूर्व निर्धारित अनुमान से नहीं चुननी चाहिए और साथ ही उनका मानना है कि चोटिल ऋषभ पंत की जगह भरना भी मुश्किल होगा क्योंकि विदेश में उनकी उपलब्धियां शानदार हैं। भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो स्पिनरों - रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा - को चुनने का फैसला उलटा पड़ गया था क्योंकि तेज गेंदबाजों ने साउथम्पटन में बारिश के हालात में दबदबा बनाया। सात जून से लंदन के 'द ओवल' में आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में स्पिन की भूमिका हो सकती है लेकिन प्रसाद ने सलाह दी कि टीम को उस समय की परिस्थितियों के हिसाब से फैसला करना चाहिए। भारत के पूर्व विकेटकीपर




ने पीटीआई से कहा, हमने दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने थे लेकिन बारिश आ गयी, हमें अपनी योजना में बदलाव करना चाहिए था, लेकिन हम उसी अंतिम एकादश पर डटे रहे। लेकिन अब यह बीती बात हो गया है। "उन्होंने कहा, यह सब 'द ओवल' में परिस्थितियों पर निर्भर करता है। पिच और परिस्थितियां अहम हैं। हमें नहीं पता कि ये पांच दिन में कैसे होंगे इसलिए हमें पूर्व अनुमान नहीं रखना चाहिए और परिस्थितियों को समझकर ही फैसला करना चाहिए।"

पंत इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक जड़ चुके हैं और अगर शीर्ष क्रम विफल होता है तो वह बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। प्रसाद को लगता है कि पंत की अनुपस्थिति में के एस भरत ही विकेटकीपिंग के लिए स्वतः विकल्प होंगे। पर उनका मानना है कि पंत की काबिलियत की तुलना नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, भरत को (ईशान किशन पर तरजीह देकर) चुनना काफी स्पष्ट फैसला है। पर ऋषभ की जगह भरना वास्तव में काफी मुश्किल है, विशेषकर विदेशों में हो रही श्रृंखला में। पूरे भारतीय क्रिकेट में, कोई भी अन्य विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं है जिसने इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में शतक जड़े होंगे इसलिये उसकी जगह भरना काफी मुश्किल है।" प्रसाद ने कहा, आपको ऐसे विकेटकीपर की जरूरत है जो 100 ओवर तक फिट रहे और अच्छा करे। यह टेस्ट मैच है और हम इस पहलू से सोचने की जरूरत है।" भारत के स्टार सुसज्जित शीर्ष चार में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली शामिल हैं जिनके मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों के खिलाफ अच्छा करने की उम्मीद है। अजिंक्य रहाणे भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी इकाई के अनुभव में इजाफा करते हैं। प्रसाद ने कहा, हमारा शीर्ष क्रम उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण का किस तरह सामना करता है। इससे मैच के नतीजे का फैसला होगा। " उन्होंने कहा, गिल अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, रोहित इंग्लैंड में शतक बना चुके हैं, कोहली शानदार फॉर्म में हैं और पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं और अंजिक्य के अनुभव को देखते हुए वह हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ हैं, उन्हें डटकर खेलते हुए मैच जीतना होगा।"

